आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.taruncchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 4 मई 2026 ■ ज्येष्ट कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष -42 ■ अंक-036 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 5 मई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

# बंगाल में हो गया खेला, 15 साल बाद ममता की विदाई

## बीजेपी बड़ी जीत की ओर, तमिलनाडु-केरल में भी उलटफेर,असम, पुडुचेरी में भाजपा

नई दिल्ली,4 मई। पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु और केरलम समेत पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना हो रही है. पश्चिम बंगाल के रुझानों में जहां बीजेपी ने सौ का आंकड़ा पार कर लिया है, टीएमसी पर बढ़त बना ली है तो वहीं असम में बीजेपी ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है.

एक केंद्र शासित प्रदेश समेत देश के पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में नतीजों की घड़ी आ गई है. वोटों की गिनती के साथ ही रुझान आने शुरू हो गए हैं. बंगाल के रुझानों में बीजेपी बहुमत की ओर बढ़ रही है। वहीं असम में बीजेपी आगे चल रही है जबकि केरलम में यूडीएफ को बढ़त दिख रही है. वहीं तमिलनाडु में सत्ताधारी डीएमके अपनी बढ़त को कायम किए हुए है. जिन पांच राज्यों के चुनाव नतीजे आज आ रहे हैं, उनमें पश्चिम बंगाल और असम के साथ ही केरल और तमिलनाडु भी शामिल हैं.

असम में विधानसभा की कुल 126 विधानसभा सीटें हैं. प्रदेश की सभी 126 विधानसभा सीटों के लिए 9 अप्रैल को वोट डाले गए थे. मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की अगुवाई में चुनाव मैदान में उतरी बीजेपी को जीत की हैट्रिक लगाने का भरोसा है. वहीं, सूबे की सत्ता से 10 साल लंबा वनवास समाप्त कराने की कोशिशों में जुटी कांग्रेस को भी जीत की उम्मीद है. प्रदेश में इस बार रिकॉर्ड 85 फीसदी से अधिक वोटिंग हुई है.

तमिलनाडु और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना जारी है. शुरुआती रुझानों में थलपति की पार्टी 110 सीटों पर बढ़त बना ली है और वह दोनों सीटों से आगे चल रहे हैं, जबकि मुख्यमंत्री स्टालिन कोलाथुर सीट से पिछड़ गए हैं. तमिलनाडु और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव की



मतगणना शुरू हो चुकी है. शुरुआती रुझानों में टीवीके ने 110 की बढ़त हासिल कर ली है, जबकि कोलाथुर सीट से मुख्यमंत्री स्टालिन पिछड़ गए हैं.

वहीं, केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की 30 सीटों के लिए 9 अप्रैल को मतदान हुआ था. पुडुचेरी में 89.97 फीसदी मतदान हुआ है. वर्तमान में एनडीए गठबंधन सत्ता में है, जिसकी अगुवाई मुख्यमंत्री एन. रंगास्वामी कर रहे हैं. आज के नतीजे तय करेंगे कि एनडीए अपनी सत्ता बरकरार रख पाता है या कोई नया समीकरण बनता है.

पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु समेत 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव ने देश के राजनीतिक नक्शे में कई बदलाव कर दिए हैं। एक तरफ रिकॉर्ड बने हैं तो वहीं दूसरी तरफ तस्वीर ही बदल गई है। इसका असर आने वाले दिनों में राज्यसभा में दिखेगा तो वहीं राज्यों की सत्ता में भी भगवा प्रतिनिधित्व बढ़ता जा रहा है। इस चुनाव ने केरल, बंगाल, तमिलनाडु और असम समेत देश के 5 राज्यों में रिकॉर्ड की बारिश कर दी है। सबसे बड़ा रिकॉर्ड तो यही है कि भाजपा को पहली बार बंगाल में सरकार बनाने का मौका मिला है। यह उसके लिए एक सपने के साकार होने जैसा है। यही वह राज्य है, जहां के जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी रहने वाले थे। यही नहीं आरएसएस की विचारधारा के भी बंगाल काफी करीब रहा है। संघ की विचारधारा में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले स्वामी विवेकानंद यहीं के थे। ऐसे में भाजपा का यहां पहली बार जीतना मायने रखता है। इस तरह ये चुनावी नतीजे कई रिकॉर्ड बना रहे हैं। पहला रिकॉर्ड तो बंगाल की जीत ही है। यहां ममता बनर्जी की सरकार 15 साल की सत्ता के बाद गई है तो भाजपा को पहली बार चांस मिला है। चुनाव के दौरान मीडिया की हेडलाइंस इसी पर थीं कि ममता चौथी बार या पहली बार भाजपा सरकार। इनमें से दूसरी बात सही साबित हुई और पहली बार भाजपा सरकार बन रही है। इस जीत ने भाजपा के लिए नए द्वार खोल दिए हैं। इसका असर राज्यसभा चुनावों में भी दिखेगा।

## दंतेवाड़ा में भारी मात्रा में विस्फोटक और प्रतिबंधित सामग्री बरामद

**दंतेवाड़ा, 04 मई.** बस्तर संभाग में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। दंतेवाड़ा जिले के घने जंगल क्षेत्र में चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए भारी मात्रा में विस्फोटक और प्रतिबंधित सामग्री का जखीरा बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 02 मई 2026 को मिली सटीक खुफिया सूचना के आधार पर ग्राम तोडमा, थाना बारसूर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने संयुक्त सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस अभियान में सीआरपीएफ की 195वीं वाहिनी और दंतेवाड़ा पुलिस की टीम शामिल रही। सर्च ऑपरेशन के दौरान माओवादियों द्वारा छिपाकर रखी गई बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। इसमें 75 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, विभिन्न प्रकार के हथियारों के राउंड जैसे 7.62 मिमी, 5.56 मिमी, 12 बोर और .303 कारतूस शामिल हैं। इसके अलावा 500 ग्राम विस्फोटक, जिलेटिन, सेफ्टी फ्यूज वायर, ग्रेनेड पिन, इलेक्ट्रिक वायर, बैटरियां, कैमरा फ्लैश, यूरिया पाउडर और संचार उपकरण जैसे वायरलेस सेट भी बरामद किए गए हैं। बरामद सामग्री में एक भरमार राइफल और नक्सली साहित्य भी शामिल है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि क्षेत्र में माओवादियों की सक्रियता बनी हुई थी। सर्च ऑपरेशन के बाद सभी जवान सुरक्षित रूप से वापस लौट आए। बरामद सामग्री के संबंध में जब्ती पंचनामा तैयार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## रेप केस में कृषि अधिकारी को उम्रकैद

**रायपुर,4 मई।** बलात्कार के मामले में बालोद के रहने वाले कृषि विस्तार अधिकारी गुंडरदेही देवनारायण साहू को न्यायाधीश पंकज सिन्हा ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इस अधिकारी ने पढ़ाई के दौरान युवती से संबंध बनाए थे। यह कहकर की अधिकारी बनने के बाद शादी कर लेंगे लेकिन उसके बाद से वह शादी से मुकर रहा था। इस पर युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने फरवरी 2026 में इस मामले का चालान पेश किया था और आज अदालत ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। आरोप है कि कॉलेज के दिनों में दोस्ती हुई, फिर प्यार हुआ और शादी का सपना दिखाकर युवती के साथ सालों तक शारीरिक संबंध बनाए गए। पीड़िता को भरोसा दिलाया गया कि नौकरी लगते ही शादी होगी। लेकिन जैसे ही सरकारी नौकरी मिली, कहानी पूरी तरह बदल गई। कोर्ट में पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने शादी से साफ मना करते हुए जाति को लेकर अपमानजनक बातें कहीं और रिश्ता तोड़ने की कोशिश की। मामला कोर्ट पहुंचा, सुनवाई हुई और अब स्पेशल कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुना दी।

## नग्न हालत में महिला की लाश मिली

**कवर्धा,4 मई।** जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां रविवार रात एक महिला की नग्न हालत में लाश मिली है। आशंका जताई जा रही है कि दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या की गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है। यह घटना लोहारा थाना क्षेत्र की है। दरअसल, रविवार की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि एक महिला की नग्न हालत में लाश सिंगारपुर गांव के पास पड़ी है।

# पीएम आवास हितग्राही के घर पहुंचे सीएम

**कवर्धा,4 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

"सुशासन तिहार" के तीसरे दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कबीरधाम जिले के कुई-कुकदुर में अचानक

### कुई-कुकदुर में विष्णु देव साय का आकस्मिक दौरा

हेलीकॉप्टर लैंड कर प्रशासनिक अमले में हलचल मचा दी। इस अप्रत्याशित दौरे का उद्देश्य योजनाओं की जमीनी स्थिति का प्रत्यक्ष मूल्यांकन करना और ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करना रहा।

मुख्यमंत्री के पहुंचते ही कलेक्टर, एसपी, डीएफओ सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के एक हितग्राही के घर पहुंचकर लाभ की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने परिवार से सीधे चर्चा कर यह



जाना कि शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर और पूर्ण रूप से मिल रहा है या नहीं। इसके बाद कमराखोल गांव में आम के पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों से खुलकर संवाद किया। सीएम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शिता के साथ पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य सिर्फ औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यवस्था की वास्तविक स्थिति समझना और सुधार सुनिश्चित करना है। अचानक हुए इस दौरे को प्रशासनिक जवाबदेही तय करने और जमीनी अमल की सच्चाई परखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### सीएम साय बोले- जनता ने विकास पर लगाई मुहर

बलरामपुरः छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार सुबह बलरामपुर भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सीएम साय ने पांच राज्यों के चुनावी रुझानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शुरुआती रुझान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में दिखाई दे रहे हैं। यह जनता के विश्वास और भाजपा सरकार के कार्यों का परिणाम है। इसी के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पश्चिम बंगाल में भाजपा को बहुमत मिलने के रुझानों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे लोकतंत्र की जीत बताया और संबंधित राज्यों के मतदाताओं को बधाई दी। उन्होंने आगे कहा कि जनता ने विकास, सुशासन और जनकल्याण की राजनीति पर भरोसा जताया है।

## भाजपा ने बंदूक की नोंक पर ममता ब्नर्जी के हाथ से सत्ता छीनी : बैज

**रायपुर,4 मई।** चुनाव परिणामों के रुझानों को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बंदूक की नोक पर ममता बैनर्जी के हाथ से सत्ता चुराया। दीपक बैज ने अपने बयान में कहा कि असम और पश्चिम बंगाल में भाजपा चुनाव



नहीं लड़ रही थी। वहां तो ईडी,सीबीआई चुनाव आयोग, केंद्र सरकार, मुख्यमंत्री, पूरा मंत्रीमंडल, पुलिस अधिकारी चुनाव लड़ रहे थे। ढाई लाख से ज्यादा पुलिस कर्मी और सेंट्रल फोर्स लगाकर चुनाव कराया गया है। बंदूक की नोक पर ममता बैनर्जी के हाथ से सत्ता चुराने का काम भाजपा ने किया है। वहीं उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने हाईजैक कर चुनाव परिणाम को अपने पक्ष में किया।

# बंगाल फतह से बना भाजपा की जीत का गंगा एक्सप्रेस-वे

**कोलकाता/नई दिल्ली,4 मई।** गंगोत्री वाले राज्य उत्तराखंड में फिलहाल भाजपा की सरकार है। इसके बाद हरिद्वार से निकलकर यूपी में प्रवेश करने वाली गंगा जब बिहार पहुंचती है तो वहां भी अब भाजपा का सीएम है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनथ तो 2017 से ही हैं। गंगा जहां पर सागर से मिलती है, वह गंगा सागर पश्चिम बंगाल में है। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने चुनावी जीत हासिल करके कई रिकॉर्ड एक साथ तोड़ दिए हैं। भाजपा को पहली बार उस पश्चिम बंगाल में जीत मिली है, जहां से जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का गहरा नाता था। पीएम नरेंद्र मोदी खुद 2014 के बाद से कई बार बंगाल में चुनाव जीतने को भाजपा का सपना बताते रहे हैं। संघ परिवार से लेकर भाजपा तक सभी ने इसमें बराबर कोशिशें की हैं। ऐसे में संघ के विचार परिवार और भाजपा के लिए बंगाल की जीत बड़ा बूस्ट देने वाली है। यही नहीं इसे भाजपा की जीत का गंगा एक्सप्रेसवे भी माना जा रहा है। इस जीत ने भाजपा की सत्ता को गंगोत्री से गंगासागर तक स्थापित कर दिया है।

यह ऐसे कि गंगोत्री वाले राज्य उत्तराखंड में फिलहाल भाजपा की सरकार है। इसके बाद हरिद्वार से निकलकर यूपी में प्रवेश करने वाली गंगा जब बिहार पहुंचती है तो वहां भी अब भाजपा का सीएम है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनथ तो 2017 से ही हैं। गंगा जहां पर सागर से मिलती है, वह गंगा सागर पश्चिम बंगाल में है। ऐसे में वहां भी भाजपा की जीत ने उसके परचम को गंगा से गंगासागर तक लहराया है। झारखंड के साहिबगंज जिले में भी कुछ दूरी गंगा बहती है और यहां झामुमो की सत्ता है। फिर भी मोटे तौर पर गंगा के प्रवाह वाले राज्यों में उत्तराखंड, यूपी, बिहार और पश्चिम बंगाल आते हैं। अब इन चारों में सत्ता पाकर भाजपा ने सत्ता का गंगा एक्सप्रेसवे तैयार कर लिया है।

यही नहीं इस जीत ने पूर्वी भारत में भी भाजपा को मजबूत बनाया है। पीएम मोदी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के बाद भी पूर्वी भारत को लेकर बात की थी। उनका कहना था कि भाजपा का सपना है कि ओडिशा और बंगाल जैसे राज्यों में भी हम जीत हासिल करें। अब उनका यह स्वप्न पूरा हो गया है। 2024 के आम चुनावों के साथ ही ओडिशा में असेंबली इलेक्शन हुए थे और भाजपा ने बंपर जीत पाई थी। अब बंगाल में भी वह जीत गई है। इस तरह पूर्वी भारत का हिस्सा कहे जाने वाले बिहार, बंगाल और ओडिशा में अब भाजपा की सत्ता है।पूर्वी भारत में फिलहाल इकलौता राज्य झारखंड ही है, जहां भाजपा सत्ता में नहीं है। वहीं पूर्वी भारत से थोड़ा आगे बढ़ते पूर्वोत्तर के असम में भी भाजपा ने लगातार तीसरी बार विजय हासिल की है।

### अपने को सुपर चीफ जस्टिस समझ रहा है, ईडी को नोटिस भेजो

# सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री पर भड़के सीजेआई सूर्यकांत

**नई दिल्ली,4 मई।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत आज (सोमवार, 4 मई को) आयुषी मित्तल बनाम राजस्थान राज्य के मामले की सुनवाई कर रहे थे। इस दौरान वह सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री पर ही बुरी तरह भड़क गए। उन्होंने सुनवाई के दौरान कोर्ट रूम में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री बहुत ही खराब तरीके से काम कर रही है। सीजेआई सूर्यकांत सूर्यकांत इतने पर ही नहीं रुके। उन्होंने और तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा, "बहुत ही खराब रजिस्ट्री है। यहाँ बैठा हर व्यक्ति खुद को भारत का 'सुपर चीफ जस्टिस' समझता है।"इसके बाद उन्होंने पूछा, "ईडी डायरेक्टर को नोटिस क्यों नहीं जारी किया गया?" उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्या ऐसा कोई आदेश पारित नहीं हुआ था। उन्होंने कहा, "रजिस्ट्रार



ज्यूडिशियल इस बात की जाँच करें कि हमारे मार्च 2026 के आदेश का मतलब ईडी को नोटिस क्यों नहीं माना गया? प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस तुरंत भेजा जाए।"सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने यह टिप्पणी तब की जब वे आयुषी मित्तल उर्फ आयुषी अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। आयुषी पर 37,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के कथित निवेश घोटाले में शामिल होने का आरोप है। सीजेआई ने 23 मार्च को इस याचिका पर दिए गए एक आदेश का ज़िक्र किया और हैरानी जताई कि रजिस्ट्री के अधिकारियों ने यह मतलब कैसे निकाल लिया कि बेंच ने इस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी नहीं किया था।याचिकाकर्ता आयुषी मित्तल, उनके पति और उनकी कंपनी पर एक बड़े निवेश घोटाले को अंजाम देने का आरोप है। हालांकि बचाव पक्ष का दावा है कि फंड का एक बड़ा हिस्सा निवेशकों को लौटा दिया गया है, फिर भी कई सौ करोड़ रुपये बैंक खातों में पड़े हैं, जिन्हें फिलहाल ईडी ने फ्रीज़ कर रखा है। बता दें कि इससे पहले 23 मार्च के अपने आदेश में पीठ ने राजस्थान सरकार (जो इस मामले में एक पक्ष है) के वकील के मौखिक अनुरोध को स्वीकार करते हुए ईडी को भी इस कार्यवाही में एक पक्ष बनाने की अनुमति दी थी। इसका उद्देश्य यह पता लगाना था कि क्या याचिकाकर्ता और उनके विस्तारित परिवार से संबंधित सभी चल और अचल संपत्तियों को ठीक से कुर्क (अटैच) किया गया है। बेंच ने दोहराया कि जब तक संपत्तियों का "विस्तृत विवरण" प्रदान नहीं किया जाता, तब तक वह जमानत याचिका के गुण-दोष पर विचार नहीं करेगी। बेंच ने याचिकाकर्ता के कानूनी प्रतिनिधि को एक विस्तृत हलफनामा दायर करने का आदेश दिया, जिसमें याचिकाकर्ता, उनके पति, उनके बच्चों, माता-पिता, भाई-बहनों और सास-ससुर के स्वामित्व वाली अचल संपत्तियों का पूरा विवरण दिया जाए।

### ओलंपिक खेलों में बढ़ते मुकाबले, कोर गेम्स 28 से बढ़कर 31 हुए

# नये खेलों की जानकारी प्राप्त कर जोर-शोर से शुरू करें तैयारी

✍ जसवंत क्लाडियस

खेलकूद की दुनिया में बादशाहत प्राप्त करने के लिए सबसे आदर्श बहुखेल स्पर्धा आधुनिक ओलंपिक खेल है। इसी तरह महाद्वीपों में सवश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए महाद्वीपीय खेल हैं। 1896 के आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के पहले संस्करण में तैराकी, एथलेटिक्स, सायकलिंग तलवारबाजी जिमनास्टिक्स, निशानेबाजी, टेनिस,भारोत्तोलन, कुश्ती मिलाकर केवल नौ खेल के इवेंट वह भी सिर्फ पुरुष वर्ग में हुए इसमें नौकायन व पाल नौकायन को भी रखा गया था लेकिन मौसम खराब होने के कारण इसके मुकाबले नहीं हो सके। 1900 में बासक पेलोटो, क्रॉसवेट, घुड़सवारी, पोलो, रग्बी यूनियन रस्सी खींच की प्रतियोगिता को सम्मिलित किया गया था . इस प्रकार एकतरफ शताब्दी के रूप में बदलता समय काल , दूसरी तरफ मनुष्यों के मन में नये खेलों की चाहत बढती रही। इस तरह खेल के प्रति समाज में बढ़ता लगाव और पुरुषों के साथ महिलाओं की दिलचस्पी ने भी खेल को चमकदार बना दिया। 19वीं सदी से लेकर 20वीं सदी अर्थात् 1900 से 1999 तक अनेक नये खेलों की स्पर्धाएं शामिल होती चली गई। 1896 में नौ खेलों के 43 इवेंट हुए जबकि 1996 में 26 खेलों के 271 इवेंट हुए जिसमें उपरोक्त खेलों के अलावा बैडमिंटन, बेसबाल, बास्केटबाल, मुक्केबाजी, केनोइंग, फील्ड हाकी, हैंडबाल, जूडो, माडर्न पेंटाथलान, साफ्टबाल, टेबल टेनिस, टेनिस, व्हालीबाल भी शामिल है। क्रिकेट को 1900 के बाद अब 2028 में अवसर मिलेगा। 21वीं सदी के पहले ओलंपिक खेलों सिडनी 2000 में ताइक्वांडो, ट्राईथलान सहित 28 खेलों के 300 इवेंट हुए। एथेंस 2004 में 28 खेलों में 301 इवेंट हुए। 2008 बीजिंग के ओलंपिक खमें 302 इवेंट 28 खेलों में हुए। 2012 लंदन में साफ्टबाल और बेसबाल को हटा दिया गया जिससे खेलों की संख्या 26 रह गई। रिया 2016 में फिर 28 खेलों के 306 इवेंट हुए इसमें गोल्फ, रग्बी सेवन को मिलाया गया। 2020 टोक्यों में 33 खेलों के 339 इवेंट हुए। इनमें कराते, स्पोर्ट्स क्लाइंब, सरफिंग और स्केटबोर्डिंग जैसे नये खेलों को मौका मिला और 2008 के बाद बेसबाल, साफ्ट बाल को पुनः अवसर दिया गया। इतना सब कुछ जानकारी उपलब्ध कराने का मतलब यह है कि भारत के खिलाड़ियों की आने वाले फौज को विश्व स्तर पर अपना विजयी अभियान दिखाना है तो आज संसासार के सबसे प्रतिष्ठित खेल उत्सव ओलंपिक में होने जा रहे परिवर्तन नजर रखनी होगी। 3&3 बास्केटबाल, सायकलिंग में फ्रीस्टाईल बीएमएक्स तथा मेडीसन सायकलिंग के इवेंट को शामिल किया गया है पर कितने उदयीमान खिलाड़ियों को इसका पता है ? खेलों को और अधिक रोचक व आकर्षक बनाने के लिए नौ नये मिश्रित इवेंट टेबल टेनिस, तीरंदाजी, जूडो, निशानेबाजी, ट्राइथलान में 4x100 मीटर रिले रनिंग में तथा 4 x100 मीटर मिडले तैराकी इवेंट सम्मिलित किया गया। 2024 पेरिस ओलंपिक में 32 खेलों के 329 इवेंट हुए। इनमें 2016 व 2020 की तरह 28 कोर गेम्स रखे गये थे। इसमें चार वैकल्पिक खेल स्केटबोर्डिंग, स्पोर्ट क्लाइंबिंग, सरफिंग और ब्रेडांसिंग को बबेसिंग नाम से रखा गया। आगामी 2028 लास एजिल्स ओलंपिक में 36 खेलों के 353 इवेंट होंगे। इसमें 28 कोर गेम्स के अलावा अब स्केटबोर्डिंग, सरफिंग तथा स्पोर्ट क्लाइंबिंग को कोर गेम्स के रूप में शामिल किया गया है। इस तरह 31 खेलों के पश्चात 2028 के ओलंपिक खेलों में पांच अन्य को वैकल्पिक खेलों के रूप में सम्मिलित किया गया है उसमें फ्लेग फुटबाल, स्क्वाश, बेसबाल साफ्टबाल, 1900 के बाद क्रिकेट और 1908 के बाद लाक्रास को मौका मिला है। जानकारी का तात्पर्य यह है कि जबकि भारत में 2036 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल होने की उम्मीद है तब भारत की आने वाली खिलड़ियों की पीढ़ी को यह मालूम होना चाहिए कि कौन-कौन से खेल हैं जो भविष्य के खेल हो सकते हैं। उनके खिलाड़ी, प्रशिक्षक तैयार किया जाना चाहिए और नियमों की जानकारी को व्यापक करना चाहिए साथ ही साथ टूर्नमेंट के लिए भारत के विभिन्न राज्यों के शहरों में तैयारी शुरू कर देना चाहिए। तभी 2047 तक विकसित भारत जा सपना पूरा हो सकेगा.

## ममता बनर्जी के घर के बाहर जय श्रीराम के नारे लगे

**कोलकाता,4 मई।** पश्चिम बंगाल चुनाव परिणाम की तस्वीर अब धीरे-धीरे साफ हो रही है। दोपहर 1 बजे तक की काउंटिंग में बीजेपी (BJP) जबरदस्त बहुमत हासिल कर ली है। बीजेपी 191 सीटों पर आगे चल रही है। जबकि ममता बनर्ती की टीएमसी 95 सीटों पर सिमटती हुई दिख रही है। चुनाव आयोग के मुताबिक भाजपा 187 और टीएमसी 92 सीटों पर आगे चल रही है। जबरदस्त जीत होता देख बीजेपी कार्यकर्ता सड़कों पर उतकर जीत का जश्न मनाना शुरू कर दिया है। ममता बनर्जी के घर के बाहर बीजीपी कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारे लगाए। वहीं काउंटिंग के बीच सीएम ममता बनर्जी का बयान सामने आया है। दीदी ने टीएमसी कैंडिडेट और कार्यकर्ताओं से बूथ नहीं छोड़ने की अपील की है। पश्चिम बंगाल में चुनाव में रुझानों में बड़ी जीत की संभावना के बीच बीजेपी के कुछ कार्यकर्ता ममता के घर पहुंच गए। इन लोगों ने 'जय श्री राम' के नारे लगाए। वहीं पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव मतगणना के बीच ममता बनर्जी ने पहला बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि हमें काउंटिंग सेंटर जाने से रोका जा रहा है।

# भोरमदेव जंगल सफारी का डिप्टी सीएम,वन मंत्री ,सांसद ने फीता काटकर शुभारंभ किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,4 मई।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में प्रकृति और रोमांच के संगम के रूप में विकसित भोरमदेव जंगल सफारी का भव्य शुभारंभ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद संतोष पाण्डेय ने फीता काटकर शुभारंभ किया । । लगभग 36 किलोमीटर लंबी यह जंगल सफारी घने वनों, ऊँची पहाड़ियों और समृद्ध जैव विविधता के बीच पर्यटकों को न केवल रोमांचक अनुभव देगी, बल्कि छत्तीसगढ़ को प्राकृतिक सौंदर्य के बीच इको-टूरिज्म के नक्शे पर नई पहचान भी मिलेगी। करीब 352 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस अभ्यारण्य में 36 किलोमीटर लंबा जंगल सफारी रूट तैयार किया गया है। सफारी का मुख्य प्रवेश द्वार भोरमदेव मंदिर के समीप करियाआमा क्षेत्र में बनाया गया है, जहां से पर्यटक प्रवेश करेंगे।शुभारंभ कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा नेचर गाइड को जिप्सी की चाबी एवं टेंट कैंपिंग सामग्री प्रदान की गई तथा महिला स्व-सहायता समूहों को बर्तन किट वितरण किया गया। इसके बाद अतिथियों द्वारा दूरदूरी जलप्रपात तक सफारी भ्रमण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सभापति राम कुमार भट्ट, जिला पंचायत सभापति राजकुमार मरावी , बोड़ला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा ,, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू, बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास अध्यक्ष, संयुक्त वन प्रबंधन समिति थवरझोल जग्गू सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत चौरा श्रीमती दुर्गा लांझे, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) सह मुख्य वन्यजीव वार्डन रायपुर अरुण कुमार पाण्डेय, मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर गुरूनाथन एन., मुख्य वन संरक्षक दुर्ग वृत्त श्रीमती एम. मर्सीबेला, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र कुमार छवई, डीएफओ निखिल अग्रवाल, सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भोरमदेव जंगल सफारी घने जंगलों के बीच विकसित एक रोमांचक और अद्वितीय पर्यटन स्थल है, जहाँ पर्यटक प्राकृतिक परिवेश में खुले वातावरण में वन्यजीवों को नजदीक से देख सकेंगे। उन्होंने इस क्षेत्र के मनमोहक प्राकृतिक दृश्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह स्थान प्रकृति प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। विशेष रूप से, स्थानीय युवक-युवतियाँ पर्यटकों के लिए गाइड के रूप में कार्य कर सकेंगे, जिससे न केवल उनकी आय बढ़ेगी बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी।वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि जंगल, जल और पहाड़ सदैव से दुनिया भर के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते रहे हैं और यही किसी भी क्षेत्र को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र बनाते हैं। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि छत्तीसगढ़, विशेषकर भोरमदेव क्षेत्र, प्राकृतिक संपदा से समृद्ध है, जहाँ के घने जंगल, पर्वत और सुरम्य दृश्य पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि भोरमदेव जंगल सफारी का निर्माण अत्यंत आकर्षक और व्यवस्थित तरीके से किया गया है, जिससे यहाँ आने वाले पर्यटक प्रकृति के बीच एक यादगार अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से तेजी से विकसित किया जा रहा है और आने वाले समय में इसे और अधिक भव्य एवं सुविधाजनक बनाया जाएगा। वन मंत्री ने कहा कि इस परियोजना से स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। सफारी के संचालन में वाहन चालक और गाइड के रूप में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि के साथ-साथ क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में कबीरधाम जिले को एक बड़ी सौगात मिली है। भोरमदेव अभयारण्य क्षेत्र में भोरमदेव जंगल सफारी की शुरुआत पर्यटन और क्षेत्रीय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भगवान भोरमदेव, जिन्हें पशुपति के रूप में भी जाना जाता है, उनकी पावन भूमि पर स्थित यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीव संपदा से समृद्ध है। सफारी प्रारंभ होने से अब प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी पर्यटक यहाँ आकर विभिन्न वन्यजीवों और प्राकृतिक वैभव का अनुभव कर सकेंगे।

## समाचार संक्षेप

### पानी और सफाई की समस्या का करें त्वरित निराकरण: देवेंद्र यादव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 मई।** विधायक देवेंद्र यादव ने आमजन से भेंट-मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान पानी, सफाई, पेयजल आपूर्ति, रोजगार एवं शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। विधायक ने संबंधित विषयों को गंभीरता से लेते हुए निगम एवं बीएसपी के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में सेक्टर-6 एचएससीएल कॉलोनी के रहवासियों ने विधायक को बताया कि उनके प्रयासों से बीएसपी प्रबंधन द्वारा बिजली कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया है, लेकिन अब कॉलोनी के आवासों तक पानी पहुंचाने में समस्या आ रही है। इस पर विधायक देवेंद्र यादव ने अधिकारियों से चर्चा कर पाइपलाइन विस्तार के माध्यम से जल्द पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इसके अलावा कांकेर, धमतरी और राजनांदगांव सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए युवाओं ने रोजगार एवं शिक्षा से संबंधित विषयों पर विधायक से चर्चा की। इस दौरान सतनामी समाज, साहू समाज एवं बौद्ध समाज के पदाधिकारियों ने भी विधायक देवेंद्र यादव से सौजन्य मुलाकात की। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। हर मुद्दे पर गंभीरता से कार्य करते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### हज पर रवाना होने वाले जायरीनों का मस्जिद में हुआ इस्तकबाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 4 मई।** हाउसिंग बोर्ड स्थित शेर-ए-खुदा मस्जिद में जुमे की नमाज़ के बाद हज पर रवाना होने वाले जायरीनों का भिलाई मुस्लिम एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी एवं मस्जिद कमेटी की ओर से इस्तकबाल किया गया। मस्जिद कमेटी के सदर हाजी मोहम्मद ताहिर सिद्दीकी तथा इमामो-खतीब अल्लामा हाफिज व कारी ताज़ीम अहमद जामई ने हज पर रवाना हो रहे जायरीनों के लिए अपनी नेक तमन्नाओं का इज़हार किया। उन्होंने कहा कि हज इस्लाम का एक महत्वपूर्ण अरकान है और यह सफर इंसान की रूहानी जिंदगी में नई रोशनी लेकर आता है। इस दौरान मस्जिद में सलातो-सलाम का नजराना पेश किया गया तथा जायरीनों की सेहत, सलामती और हज के कबूल होने के लिए खास दुआएं मांगी गईं। वहीं हज यात्रा पर जा रहे जायरीन हसन कोया, मोहम्मद इफ्तेखार खान, नसरुद्दीन और रिजवान अंसारी ने भी अवाम से अपने सफर की आसानी और कामयाबी के लिए दुआओं की दरख्वास्त की। कार्यक्रम को सफल बनाने में हाजी एम.एच. सिद्दीकी की विशेष भूमिका रही। आयोजन में रशीद खान, हाजी मोहम्मद हदीस, हाजी मुश्ताक अहमद, जाकिर हुसैन, इस्तेखार सिद्दीकी, जावेद खान, मेराज खान, नज़ीर, असद, आफ़ताब, ज़ैद, अली, फैजान, फिरोज़, अबरार, आमिर, इमरान, सुभान, दिलशाद, अहमद रज़ा, अहमद हुसैन, अब्दुल मजीद, हाजी अशफाक और हाजी अलीम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बीएसपी कर्मचारी से 89 लाख की ठगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 मई।** भिलाई नगर क्षेत्र के ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर हुडको निवासी सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मचारी जयंत बागची से 89 लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि उन्हें भारत की वित्त मंत्री के नाम से निवेश संबंधी बातें दिखाई गईं रिपोर्ट के बाद भिलाई नगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि आमदी नगर हुडको निवासी जयंत बागची ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10 मार्च को फेसबुक देखते समय उन्हें भारत की वित्त मंत्री के नाम से निवेश संबंधी बातें दिखाई गईं इन बातों से प्रभावित होकर उन्होंने दिए गए लिंक पर रजिस्ट्रेशन कराया प्रारंभिक तौर पर पंजीयन शुल्क के रूप में 18,998 रुपये जमा कराए गए इस के बाद कथित अकाउंट मैनेजरों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर लगातार रकम जमा करानी शुरू कर दी। आरोपियों ने खुद को अंतरराष्ट्रीय ट्रेडिंग नेटवर्क से जुड़ा बताते हुए कहा कि उनका कारोबार यूनाइटेड किंगडम यूनाइटेड स्टेट्स जापान और ऑस्ट्रेलिया में चलता है। इसी भरोसे में जयंत बागची ने अलग अलग तारीखों में कुल 45,18,998 रुपये निवेश कर दिए। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने ट्रेडिंग खाते में भारी लाभ दिखाया और करीब 3 लाख अमेरिकी डॉलर की निकासी का विकल्प बताया। लेकिन जब प्रार्थी ने रकम वापस मांगी तो क्रॉस-बॉर्डर ट्रांजेक्शन और टैक्स के नाम पर पहले 34 लाख रुपये, बाद में 12 लाख रुपये और जमा करने का दबाव बनाया। लगातार अतिरिक्त रकम की मांग और संदिग्ध गतिविधियों के बाद प्रार्थी को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और बैंक को भी सूचना दी प्रार्थी जयंत बागची की रिपोर्ट पर भिलाई नगर पुलिस ने मोबाइल नंबरों और बैंक खातों के धारकों के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस के तहत मामला कायम कर विवेचना शुरू कर दी है

## एक नजर

### स्कूल में 70 हजार के सामान की चोरी

**भिलाई, 4 मई (तछसं.)।** भिलाई स्कूल का ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है घटना रानीतराई थाना क्षेत्र का है पुलिस ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला केसरा की प्राचार्य प्लाट नंबर 626/7 अवधपुरी रिसाली निवासी प्रतिमा मौर्य ने शिकायत किया है कि शाला परिसर भीतर घुसकर ताला तोडकर अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया है। जिसमें दो होम थिएटर, 15 नग हेड फोन, एक मानिटर, 4 की बोर्ड, बैटरी 7 नग, दवाई छिडकने वाले मशीन की बैटरी शामिल है घटना? की जानकारी स्कूल के सफाई कर्मी टिकेश्वर सिन्हा ने दी स्कूल पहुंचने पर पीड़िता ने देखा तो तीन रूम के भी ताले टूटे पड़े है चोरी हुए सामानों की कीमत 70 हजार रुपए आंकी गई है लगातार स्कूलों में हो रही चोरियों को देखते हुए पुलिस ने मुखबिरों को अलर्ट किया है। यह पता लगाया जा रहा है कि यह काम किसी विशेष गिरोह का है ।

### वाहन की टक्कर से 3 छात्राएं घायल

**भिलाई, 4 मई (तछसं.)।** भिलाई तेज रफ्तार ट्रक चालक ने जुपिटर सवार तीन स्कूली छात्रा को चपेट में लिया घटना में छात्राएं घायल हो गई है उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाया गया, जहां एक छात्रा की मौत हो गई है छावनी सीएसपी प्रशांत सिंह पैकरा ने बताया कि घासीदास नगर के पास ट्रक चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जुपिटर सवार प्रीति, लक्ष्मी, हिमानी को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी हादसे में प्रीति कुमारी की मौत हो गई है वही लक्ष्मी और हिमानी घायल है चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है तीनों छात्राएं नालंदा स्कूल में पढ़ाई करती है जामुल के पास जूस दुकान में रुक कर तीनों जूस भी पिया था उसके बाद अपनी सहेली हिमानी को छोड़ने के लिए जामुल की ओर जा रहे थे तभी हादसा होना बताया गया है घटना की खबर लगते ही आसपास के लोगों को भीड़ लग गई थई ट्रक चालक ठोकर मारकर फरार हो गया था उसे दो किमी तक पीछे कर पकड़ा गया है हादसे की जानकारी लगने के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है लोगों का कहना है कि वाहनों की रफ्तार के कारण रोज हादसे हो रहें हैं। सड़क दुर्घटनाओं में लगातार जाने जा रहीं हैं इस पर रोक लगाने वाहनों पर कार्रवाई हो जांच जारी छावनी सीएसपी पुलिस के अनुसार शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया है बताया गया है कि वाहन को लक्ष्मी चला रही थी, पीछे प्रीति बैठी थी छावनी सीएसपी ने बताया कि घटना में एक युवती की मौत हो गई है चालक के खिलाफ कार्रवाई की गई है फिलहाल जांच किया जा रहा है ।



# संस्कार, शिक्षा और संगठन ही ब्राह्मण समाज की सबसे बड़ी शक्ति: महंत रामसुंदर दास



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 मई।** सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की वार्षिक आमसभा एवं समाज की वार्षिक पत्रिका ब्रह्म प्रकाश का विमोचन रविवार को स्मृति नगर स्थित ब्रह्म प्रकाश भवन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दूधाधारी मठ रायपुर के महंत राजश्री राम सुंदर दास महाराज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम प्रकाश पाण्डेय उपस्थित रहे। प्रभुनाथ मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में समाज को संगठित एवं सक्रिय बनाए रखने के लिए सभी सदस्यों से निरंतर सहयोग की अपील की। महासचिव रामलखन मिश्र ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष कैलाश पाठक ने समाज का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि महंत राजश्री राम सुंदर दास महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि सरयूपारीण ब्राह्मण समाज आज संगठित एवं गतिशील रूप में समाजहित में कार्य कर रहा है। उन्होंने समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश के नियमित प्रकाशन की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक गतिविधियों एवं विचारों को पत्रिका के माध्यम से साझा करना अत्यंत सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना के साथ समाज और राष्ट्रहित में कार्य करता आया है। शिक्षा, संस्कार एवं ज्ञान की परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समाज की बड़ी जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथि प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि समाज की पत्रिका का विमोचन महंत जी से होना पूरे समाज के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब समाज में वैचारिक या सामाजिक संकट आया, तब-तब ब्राह्मण समाज से निकले महापुरुषों ने समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने महर्षि दधीचि, वशिष्ठ, भगवान परशुराम, चाणक्य, समर्थ रामदास तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महापुरुषों का उल्लेख करते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव संपूर्ण समाज एवं राष्ट्र के कल्याण के लिए कार्य किया है। उन्होंने युवाओं को उच्च शिक्षा, संस्कार एवं बौद्धिक क्षमता विकसित करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाज उपाध्यक्ष संजय पांडे, चंद्रशेखर पांडे, विष्णु पाठक, उमेश शुक्ला, दीपक मिश्रा, सुनील मिश्र, संजय मिश्रा, नर्मदा प्रसाद मिश्रा, कन्हैयालाल तिवारी, रामायण मिश्रा, विजय नारायण द्विवेदी, सुबोध द्विवेदी, दिनेश त्रिपाठी, रवि मिश्रा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# जनता की जरूरतों को प्राथमिकता के साथ किया जाएगा पूरा : विजय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 मई।** समीपस्थ ग्राम अरसनारा में विकास कार्यों को नई गति देते हुए सीसी रोड, नाली निर्माण एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा ने की, जबकि नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। भूमिपूजन कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, राजा पाठक, पाटन मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, दरबार मोखली मंडल अध्यक्ष ज्योतिप्रकाश साहू, सुलेन साहू, पूर्व सरपंच पुष्पा मानिकपुरी, डेहर लाल साहू, मेहतर वर्मा, केवल देवांगन, पोखन लाल साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। सरपंच श्रीमती खिलेश्वरी सोनू साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने ग्राम वासियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता की जरूरतों को प्राथमिकता में रखकर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन और विकास की नई गाथा लिखी जा रही है तथा पाटन विधानसभा क्षेत्र में भी लगातार विकास कार्यों को गति दी जा रही है। पाटन मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर ने सांसद निधि से स्वीकृत विकास कार्यों के लिए सांसद का धन्यवाद ज्ञापित किया। जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पाटन विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का विधायक नहीं होने के बावजूद विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जा रही है।



### धुपसिंह के सुपुत्र को लोगों ने दिया आशीर्वाद

**कवर्धा,4 मई।** ग्राम खम्हरिया में भाजपा कार्यकर्त्ता (जिला गोंड समाज निर्वाचित जिला अध्यक्ष) धुपसिंह धुर्वे जी सुपुत्र जन्मोत्सव कार्यक्रम में नवजात शिशु को आशीर्वाद देने का सौभाग्य मिला इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा पूर्व महामंत्री महिला मोर्चा सविता ठाकुर. रंजीता मेरावी. सुरुती मेरावी राम बाई धुर्वे.नरेन्द्र मानिकपुरी जी. जिला पंचायत सदस्य सभापति राजकुमार मेरावी. जिला सदस्य लोकचंद साहू मण्डल अध्यक्ष गजानंद यादव जनपद सदस्य सभापति सुकलाल मेरावी पूर्व मण्डल अध्यक्ष मंगलू सिंह परते. महामंत्री बारेलाल धुर्वे भरत पटेल. नीराम यादव. केवल मरकाम. भाजपा के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता छट्टी कार्यक्रम में शामिल रहे

# 5 मई को उप मुख्यमंत्री अरुण साव का होगा पाटन आगमन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 4 मई।** नगर पंचायत पाटन में सुशासन तिहार के अवसर पर 5 मई मंगलवार को दोपहर 2 बजे गौठान, पुराना बस स्टैंड, पाटन में लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल, भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 4 करोड़ 90 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 5 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर विश्राम गृह पाटन में भाजपा पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने बैठक को संबोधित करते हुए सभी नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया। वहीं मंडल अध्यक्ष रानी केशव बंछोर ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अतिथियों के स्वागत को भव्य बनाते हुए उनके पाटन प्रवास को स्मरणीय बनाएं। प्रमुख रुप से मण्डल अध्यक्ष रानी बंछोर, नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले,ज्योति प्रकाश साहू,उपाध्यक्ष निशा सोनी,सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक,सांसद राजेश चन्द्राकर,कृष्ण कुमार साहू,सभापति केवल देवांगन,सभापति देवेन्द्र ठाकुर,दामोदर चक्रधारी,केशव बंछोर,हर्ष भाले,अरुण देवांगन,सागर सोनी,आदित्य सावर्णी,चंद्रिका साहू,नागेन्द्र कश्यप,सुनील वर्मा,उनिका वर्मा,भावना निषाद,रोशन वर्मा,विष्णु निषाद,सुरेश निषाद,अतीस सपहा,टीकाराम देवांगन,राजेन्द्र वर्मा,रेणुका बिजौरा,सीता निषाद,हेमलता पटेल,चंद्रप्रकाश देवांगन,जितेन्द्र निर्मलकर,तन्मय धुरंधर,हरप्रसाद आडिल,घनश्याम सोनी,मिलन देवांगन,योगेश सोनी,प्रवीण मढ़रिया,चित्रसेन कलिहारी,चिरंजीव देवांगन,विनोद बाग,गोवर्धन बिजौरा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीती रात नगर में गरज-चमक के साथ बारिश,दिन में रही तेज धूप




**भिलाई, 4 मई।** दुर्ग-भिलाई सहित पूरे छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के बीच मौसम में बदलाव के संकेत देखे जा रहे हैं। बीती रात गरज और चमक के साथ बारिश हुयी। मौसम विभाग के अनुसार 4 और 5 मई को भिलाई में तेज गर्मी के साथ बादल छाने, गरज-चमक, तेज हवाएं चलने और कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। आज सोमवार 4 मई को सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं का असर रहा। सुबह तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास था, जबकि दोपहर में तापमान 39 डिग्री तक पहुंच गया और उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे । दक्षिण दिशा से 14 से 29 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। मंगलवार 5 मई को भी मौसम का मिजाज अधिक बदला हुआ नजर आएगा। सुबह से उमस और गर्मी का असर रहेगा तथा दोपहर बाद गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार शाम के समय आंधी और तूफानी गतिविधियां बढ़ सकती हैं। इस दौरान 14 से 32 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक वर्तमान में एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका पंजाब, हरियाणा, पूर्वी मध्यप्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश होते हुए नागालैंड तक फैली हुई है। वहीं दक्षिण छत्तीसगढ़ से तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु तक एक निम्न दबाव क्षेत्र सक्रिय है। इसी सिस्टम के प्रभाव से प्रदेश में मौसम का बदलाव देखने को मिल रहा है।

### पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में उग्र प्रदर्शन कर

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर समेत अन्य 8 कार्यकर्ताओं ने दी गिरफ्तारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 4 मई।** थाना क्षेत्र के मिनी माता चौक में पांच वर्षीय मासूम बच्ची से दुष्कर्म की घटना एवं क्षेत्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में आयोजित गृहमंत्री विजय शर्मा के पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान हुए हादसे ने अब राजनीतिक और कानूनी रूप ले लिया है।

विगत दिनों प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता पुतला दहन कर रहे थे, तभी पुतले को छिनने का प्रयास कर रहे सिविल ड्रेस में मौजूद पुलिस आरक्षक गिरधर मंडावी का हाथ आग से झुलस गया था। घायल आरक्षक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (क्ष्हस्) की धारा 191(2) एवं 221 के तहत मामला दर्ज किया था।

इस मामले में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित 9 कांग्रेस नेताओं को जांच के नाम पर नोटिस देकर रविवार को थाना उतई बुलाया गया था, जहां सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के साथ पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा, नेता प्रतिपक्ष द्वारिका साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, गुलशन शर्मा, जिला सचिव लोचन यादव, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र बंजारे, सत्यप्रकाश कौशिक, दिवाकर गायकवाड़ सहित 9 कांग्रेसी को गिरफ्तार कर लिया गया।घटना के बाद क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। हालांकि मामला को तूल पकड़ते देख कुछ ही समय बाद सभी को मुचलके पर रिहा कर दिया गया।जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि यह पूरा आंदोलन पांच वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म की घटना और क्षेत्र में बढ़ती अवैध शराब बिक्री के विरोध में किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि दुष्कर्म का आरोपी भी अवैध शराब कारोबार से जुड़ा हुआ था और उतई थाना क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब बिक्री को लेकर आमजन शिकायत करते आ रहे हैं, लेकिन संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

उन्होंने कहा कि पुतला दहन कार्यक्रम की पूर्व सूचना पुलिस को दी गई थी और बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात था। इसके बावजूद पुलिस द्वारा पुतला छीनने का प्रयास किया गया, जिससे यह हादसा हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना को भाजपा सरकार के इशारे पर राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। ठाकुर ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब भाजपाइयों द्वारा विपक्षी नेताओं का पुतला दहन किया जाता है तब मौकों पर पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है, तो इस बार गृहमंत्री का पुतला जलने से रोकने के लिए इतनी बड़ी संख्या में पुलिस बल क्यों तैनात किया गया था? क्या कुछ पुलिस अधिकारी गृहमंत्री से ईनाम पाने, उन्हें खुश करने इस तरह की कार्यवाही कर रहे है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरक्षक पर राजनीतिक दबाव बनाकर अपराध दर्ज कराया गया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने आगे कहा कि हाल ही में भाजपा आईटी सेल से जुड़े लोगों द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया गया था, जिस पर पुलिस ने कांग्रेस के दबाव और महिला आयोग के हस्तक्षेप के बाद भिलाई नगर थाना में मामला दर्ज किया था। अब उस मामले को दबाने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई की जा रही है।राकेश ठाकुर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि भाजपा आईटी सेल से जुड़े आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से कांग्रेस कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं, बल्कि उनका हौसला और मजबूत होगा।

### गांजा बिक्री मामले में 2 गिरफ्तार

**भिलाई, 4 मई।** भिलाई उतई थाने पुलिस ने मादक पदार्थ गांजा की अवैध तस्करी एवं विक्रय के मामले में पूर्व में ज्छ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है प्रकरण में शेष फरार आरोपी जितेश यादव उर्फ जीतू एवं चन्द्रहास देशलहरे उर्फ चिन्टू की लगातार तलाश की जा रही थी उतई टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि विश्वसनीय सूचना मिली कि पुलिस टीम इंदिरा नगर पाटन एवं ग्राम खोपली मचांदुर में घेराबंदी कर दबिश दी गई। दोनों आरोपियों को उनके निवास स्थान से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई पूछताछ में आरोपियों ने गांजा क्रय-विक्रय में संलिप्तता स्वीकार की गई। आरोपी जितेश यादव उर्फ जीतू ( 23 साल ) निवासी इंदिरा नगर पाटन जिला दुर्ग के कब्जे से नगदी रकम एवं आरोपी चन्द्रहास देशलहरे उर्फ चिन्टू (19 साल ) निवासी ग्राम खोपली मचांदुर जिला दुर्ग के कब्जे से 1 नग एंड्रॉइड मोबाइल बरामद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## निधन

### कुश पाणिग्रही



**भिलाई, 4 मई।** पावर हाउस के प्रतिष्ठित किराना व्यवसायी कुश पाणिग्रही का विगत दिवस निधन हो गया। वे लव पाणिग्रही, गोपाल, कैलाश एवं रमेश के भ्राता, सुशान्त, श्रीकांत, संजय एवं सपना के पिता तथा प्रशान्त एवं प्रमोद पाणिग्रही के चाचा थे, जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिजनों, शुभचिंतकों, व्यापारियों एवं सामाजिक संगठनों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

**एक नजर**

### गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**राजनांदगांव 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महावीर यादव उर्फटोबू यादव, पिता स्व. सतीश यादव, उम्र 27 वर्ष, निवासी जमातपारा, शीतला मंदिर रोड, थाना बसंतपुर, जिला राजनांदगांव। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में जिले में अवैध गतिविधियों, विशेषकर मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब बिक्री एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बसंतपुर प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में दिनांक 03 मई 2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी महावीर यादव उर्फटोबू यादव, शीतला मंदिर रोड, नेहरू पार्क के सामने अवैध रूप से गांजा बिक्री हेतु ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची एवं घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के पास से हल्के पीले रंग के थैले में कुल 1.100 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 11,000 रूपये है। बरामद मादक पदार्थ को विधिवत जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 193/2026, धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कड़ी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, सउनि मनमोहन साहू, गोवर्धन देशमुख, म.प्र.आर. सीमा जैन, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, अतहर अली, कुश बघेल, राजेश बंदेश्वर, म.आर. राजश्री मरकाम एवं अन्य स्टाफकी महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

### ऑपरेशन तलाश में राजनांदगांव पुलिस छत्तीसगढ़ में अव्वल

**राजनांदगांव 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के बाहर उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, दिल्ली, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु, बिहार, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड आदि राज्यों के विभिन्न जिलों से गुमशुदाओं को खोजकर बरामद किया गया। ाज्य स्तर पर संचालित ऑपरेशन तलाश के अंतर्गत राजनांदगांव पुलिस ने पूरे छत्तीसगढ़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान (49त्र) प्राप्त किया है। गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश में पुलिस टीमों ने संवेदनशीलता, तत्परता एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। दिनांक 01 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान ऑपरेशन तलाश के तहत 166 महिला एवं 88 पुरुष, कुल 254 गुमशुदा व्यक्तियों को दस्तयाब किया गया। वहीं ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत 23 बालिका एवं 03 बालक, कुल 26 गुमशुदा बच्चों को सकुशल बरामद किया गया। इस प्रकार माह अप्रैल में कुल 280 गुमशुदा व्यक्तियों को सुरक्षित उनके परिजनों से मिलाया गया। इस अभियान के दौरान राजनांदगांव पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ के साथ-साथ उत्तर प्रदेश (15), मध्यप्रदेश (06), आंध्रप्रदेश (09), तेलंगाना (17), ओडिशा (01), दिल्ली (01), महाराष्ट्र (18), गुजरात (04), कर्नाटक (02), झारखंड (04), पश्चिम बंगाल (04), राजस्थान (06), केरल (01), तमिलनाडु (02), बिहार (01), हिमाचल प्रदेश (01), उत्तराखंड (01) आदि राज्यों के विभिन्न जिलों में पहुंचकर गहन तलाश की गई। सभी गुमशुदाओं को विधिसम्मत कार्यवाही के बाद सुरक्षित उनके परिजनों को सौंपा गया, जिससे परिजनों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई एवं कई परिवारों में खुशी के आँसू देखने को मिले। यह सफलता पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के कुशल नेतृत्व, ऑपरेशन तलाश के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर , नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन, नगर पुलिस अधीक्षक श्री एलेक्जेंडर किरो , एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री केसरी नंदन नायक, एसडीओपी डोंगरगांव श्रीमती मंजूलता बाज के मार्गदर्शन तथा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों की सक्रिय कार्यशैली का परिणाम है।

# जैन समाज ने 700 जरूरतमंद लोगों को वितरित किए वस्त्र एवं कापी-पुस्तक,पेन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा 4 मई।** तिल्दा-नेवरा में आज जैन समाज द्वारा एक सराहनीय सामाजिक पहल के तहत गरीब बच्चों एवं जरूरतमंद महिलाओं को वस्त्र, कॉपी, पुस्तक एवं पेन का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य सदस्य एवं समाजसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों की सहायता करना एवं बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना रहा। जैन समाज के सदस्यों ने स्वयं उपस्थित होकर जरूरतमंदों को सामग्री वितरित की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समाजसेवकों ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और जरूरतमंदों को सहयोग मिलने से उनका जीवन बेहतर बन सकता है। उन्होंने आगे भी इस तरह के सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर समाज के सक्रिय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई और बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को सहारा देना एवं बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करना रहा। जैन समाज के सदस्यों ने कहा कि इस तरह के सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि जरूरतमंदों को समय-समय पर मदद मिलती रहे।संदेश साफ है जब समाज एकजुट होता है, तो बदलाव निश्चित होता है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जैन समाज के अशोक नायक. सुदेश जैन, मनोज जैन अशोक जैन ,शैलेश जैन ,प्रवीन जैन, अनिल जैन,गौरव जैन, टिंकू जैन, स्मृति जैन ,ऋतु जैन,आशा जैन, प्रिया जैन, मोनिका जैन, किरण बाला जैन आदि बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए ।कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भाजपा के नेता महेश अग्रवाल. माहेश्वरी समाज से डॉक्टर भट्ट .अग्रवाल समाज के दीनानाथ अग्रवाल द्वारिका गाँधी ,पूर्व पाषद आनु शर्मा भी शामिल हुए सभी ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की कार्यक्रम होने चाहिए ताकि जरूरतमंदों को हमेशा सहयोग मिलता रहेतिल्दा-नेवरा में सेवा का महायज्ञः जैन समाज ने 700+ जरूरतमंदों को दिए वस्त्र, कॉपी-पुस्तक व पेन, दिया समाज को एकजुटता का संदेश।

# अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर नगर के श्रमवीर एवं श्रमवीरांगनाओं का किया गया सम्मान

■ मेहनतकशो की कभी हार नही होती- अनिल मानिकपुरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**अंबागढ़ चौकी 4 मई।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी द्वारा नगर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नगर के श्रमवीर एवं श्रमवीरांगनाओ का सम्मान किया गया। इस दौरान उन्हे केन्द्र व राज्य शासन द्वारा श्रमिको के हितार्थ में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं देते हुए इसका लाभ उठाने का आह्वान किया गया। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगरीय निकाय के सभागृह में श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ महतारी की पूजा अर्चना से हुआ। नगर के श्रमवीर माताओं एवं भाईयो को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की जीविकोपार्जन के लिए श्रम के प्रकार एवं प्रयोजन अलग अलग हो सकते है। लेकिन परिश्रम करने वाले सदैव वदंनीय होते है। यह संसार उनका ही सम्मान करता है जो अपने श्रम के बूते परिवार, समाज एवं जगत में अपना मुकाम खडा करते है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की मेहनतकशो की कभी हार नही होती है और कुछ किए बिना ही जय जयकार नही होती है। नगर अध्यक्ष ने कहा की हम किसी भी फील्ड मे हो हमे समाज में अपना जगह बनाए रखने एवं शरीर को स्वस्थ करने के लिए परिश्रम करना बेहद आवश्यक है। नगर अध्यक्ष ने श्रमवीरो को श्रमिक दिवस की शुभकामनाए देते हुए नगर विकास में दिए गए उनके अभूतपूर्व योगदान देने के लिए आभार ज्ञापित किया। श्रमिक सम्मान समारोह मे नगर पंचायत की पार्षद सभापति उमा निषाद, पूर्व पार्षद शंकर निषाद, प्रमोद ठलाल, कुमारी निषाद, रजिया बेगम, रेहाना बेगम, शोभा भोयर सहित बडी संख्या में नगर पंचायत अध्यक्ष के समर्थक व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर नगर के श्रमवीरो एवं श्रमवीरांगनाओ को श्रमिको के हितार्थ केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी विस्तार से दी गई। श्रमिको को बताया गया श्रम विभाग में श्रमिक पंजीयन कराने के बाद मजदूर कार्य करते समय दुर्घटनाग्रस्त होने पर बच्चो के विवाह, दुर्घटना में मृत्यु होने पर, तथा श्रमिक महिलाओ के लिए प्रसूती एवं स्व रोजगार स्थापित करने के लिए शान से विशेष सहायता प्राप्त कर सकते है। नगर अध्यक्ष ने बताया की शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए यह आवश्यक है की श्रम विभाग में अपना पंजीयन श्रमिक के रूप में अनिवार्य रूप से कराए।

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह में शामिल होने आई माताओं ने नगर पंचायत अध्यक्ष के सामने नगर के विभिन्न वार्डो से आई श्रमवीरांगनाओ ने नगरीय निकाय से जुडी समस्याओं व शिकायतों को सामने रखते हुए नगर अध्यक्ष से इसके त्वरित निदान की मांग की। सबसे अधिक माताओं ने गर्मी मे पेयजल से जुडी समस्याओं व शिकायतों को सामने रखा। उसके बाद पिछ्ले चार पांच माह से समाजिक सुरक्षा पेंशन नही मिलने एवं राशन कार्ड बन जाने के बाद भी खाद्यान्न नही मिलने की शिकायते की। नगर अध्यक्ष ने नगरवासियों से जुडे समस्याओं के निराकरण के लिए निकाय के संबधित विभाग के कर्मचारियों को मौके से निर्देश देकर तीन दिवस के अंदर पेयजल व खाद्यान्न से जुडे समस्या के निराकरण करने का निर्देष दिया। सफाई से जुडी समस्याओं को एक दिवस के अंदर ही निराकृत करने का भरोसा दिलाया। मजदूर दिवस के अवसर पर नगर के विभिन्न वार्डो से आए महिला एवं पुरुष श्रमिको का सम्मान किया गया। पर सम्मान की सूची में सर्वाधिक संख्या मातृशक्तियो की थी। नगर अध्यक्ष ने कहा की मातृ शक्तियां अपने श्रम से आई अर्थ का नियोजन सही ढंग से करती है। माताएं अपना हर कार्य श्रेष्ठता से करती है और किसी भी कार्य में वह आज पीछे नही है। इसलिए वह वंदनीय है। सम्मान प्राप्त करने वालो में कन्या निर्मलकर, सुशीला भाई, गोदावरी उईके, बिन्दा गोडं, अन्नपूर्णा वैश्णव चमेली सारथी, पुसई देवागन, नरेश बाई निषाद, सावित्री बाई, धनेश्वरी निषाद, सुशीला खरे, राधा साहू, पूर्णिमा निशाद, आशा राजपूत, कुंवर बाई, उर्मिला साहू, सोहागा बाई इत्यादि शामिल थे।

## मस्ती की पहली पाठशाला में बच्चे व युवाओं ने बड़ी संख्या में बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 4 मई।** मोबाईल की दुनिया से निकलकर प्रातः प्रकृति से जुडने नगर निगम द्वारा चौपाटी के पास रविवार सुबह आयोजित मस्ती की पहली पाठशाला में बच्चे एवं युवा बडी संख्या में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिए। भारतीय परंपरा से जुड़े खेल के अलावा योगा एवं जुम्बा डांस का आनंद लेने सुबह 5:30 बजे से ही बच्चे परिवार सहित पहुँचे। पाठशाला में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने स्वच्छ शहर के लिए उपस्थित लोगो को स्वच्छता अपनाने शपथ दिलाई। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने उपस्थितजनों का स्वागत करते हुए कहा कि शहर वासियो ने पहले दिन उत्साह से मस्ती की पाठशाला में भाग लिए। बच्चे एव युवा जो आज मोबाईल की दुनिया में खोते जा रहे है, वे आज सुबह से ही अपने स्वास्थ्य की चिंता कर स्वस्थ्य मनोरंजन के लिए बड़ी तादात में परिवार सहित पहुचे, यह बहुत खुशी की बात है। उन्होने कहा कि नागरिको की मांग पर बजट में प्रावधान कर मस्ती की पाठशाला आयोजित किया जा रहा है। शहर के प्रबुद्धजन, समाजिक एंव खेल संस्था के सहयोग से पाठशाला शुरू की गयी है, गर्मी की छुट्टी में बच्चों के मनोरंजन के लिए प्रत्येक रविवार को पाठशाला का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि आज पहला आयोजन है, आगे बेहतर रूप देने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने आज की उपस्थिति के लिए एवं सभी के सहयोग के लिए सबका आभार व्यक्त करता हूँ। आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि खेल जगत एवं समाजिक संस्था से जुडे प्रबुद्धजनों के सहयोग से मस्ती की पाठशाला प्रत्येक रविवार को सुबह 5:30 से 7:30 बजे तक आयोजित किये जायेगे। आज पहली पाठशाला शुरू हुई है, जिसमें निगम प्रशासन, पुलिस तथा यातायात विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व्यवस्था में लगे हुए है, जो कमी है, उसको आगामी आयोजनो में दूरकर और अच्छा करने का प्रयास किया जायेगा। पाठशाला का शुभारंभ योगा से हुआ जिसमें पतंजली भारत स्वाभिमान न्यास राजनांदगांव के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित बच्चों ने योगा का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसे देख युवाओ एवं बुजुर्गो ने योग किया, इसके साथ बच्चे एवं युवाओ ने तीरंदाजी, रस्साकसी, बेडमिंटन, कराटे व साप-सीढ़ी के साथ साथ साई के विद्यार्थियो द्वारा किये गये एक्टीविटीज का मजा लिए। वही लगभग 200 बच्चो ने यामिनी क्रीडा केन्द्र द्वारा रंगो की मस्ती चित्रकला में भाग लेकर रंगो से अपनी कल्पना उकेरे।

## शक्ति कान्वेंट उमा विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 4 मई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में शक्ति कान्वेंट उच्च. माध्य. विद्यालय, सिमगा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है द्ध विद्यार्थियों कि सफलता पर संचालक श्री कमल सोनी एवं प्राचार्य श्रीमती शोभा सोनी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।कक्षा 10वीं में पीयूष सिंह ठाकुर (सिमगा नगर में प्रथम स्थान) ने 93.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, चेतना वर्मा (सिमगा नगर में द्वितीय स्थान) 92.5 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं, दीपांशु वर्मा ने 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। कक्षा 12वीं में कीर्ति वर्मा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, भारती सोनकर 88 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं, मानसी कुंभकार ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है।

## चकवाय मेंभूस्खलन के बाद स्थिति का विधायक इन्द्र साव ने लिया जायजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 4 मई।** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चक्रवाय में हुए भूस्खलन की गंभीर स्थिति का जायजा लेने आज विधायक इन्द्र साव मौके पर पहुंचे। उनके साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी भूस्खलित स्थल पर मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि घटना के पहले दिन गड्ढा छोटा था, लेकिन अब वह विशालकाय रूप ले चुका है। सरपंच द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को सूचना देने के बावजूद किसी वरिष्ठ अधिकारी के मौके पर नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों का आरोप था कि केवल पटवारी को भेजकर अधिकारियों ने अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली। मौके पर विधायक श्री साव ने तत्काल अनुविभागीय अधिकारी से मोबाइल पर चर्चा कर भूगर्भ विभाग की विशेषज्ञ टीम तथा पुलिस बल को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन की अनदेखी घोर लापरवाही है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की यह तीसरी घटना है और इसकी जांच भूगर्भ वैज्ञानिकों से कराई जानी चाहिए। विधायक ने आशंका जताई कि संभवतः पुराने सुरंग मार्ग या नदी के जल प्रवाह के कारण ऐसी घटनाएं घटित हो रही हों। उन्होंने कहा कि विधानसभा में नदी किनारे बसे गांवों के लिए तटबंध निर्माण का प्रस्ताव भी भेजा गया है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि क्या सरकार किसी बड़ी जनहानि का इंतजार कर रही है, जबकि अब तक सौभाग्यवश कोई जनहानि नहीं हुई है। श्री साव ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे इस विषय पर जिलाधीश से मुलाकात कर कड़े कदम उठाने की मांग करेंगे। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश साहू, मंडल अध्यक्ष हीरालाल साहू, विक्की ठाकुर, पूर्व जनपद सदस्य गंगा ओगरे, पूर्व सरपंच ननकू ओगरे, राजकुमार धृतलहरे, गितेश बंजारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जोहार छग पार्टी एवं छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना की मासिक बैठक आयोजित

**तिल्दा नेवरा 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एवं छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना तिल्दा नेवरा ब्लॉक कि मासिक बैठक सम्पन्न कि गई जिसमें गंभीर विषयों पर गहन चर्चा कि गई , तिल्दा नेवरा क्षेत्र में आम जनता कि समस्याओं में मुख्यतः महिलाओं बच्चों के साथ बढ़ते यौन शोषण अनाचार,प्रदूषण , सड़क दुर्घटना,



अस्पतालो कि लुट , सिलेंडर कि कमी , कारखानों में सुरक्षा कि कमी से बढ़ते दुर्घटना, थाने में सुरक्षा बलों कि कमी , ट्रैफिक पुलिस कि कमी , सरकारी जमीन कि बंदर बाट पर विशेष चर्चा कि गई ,और संबंधित विभागों को संज्ञान में लेकर उचित दिशा निर्देश कि रूप रेखा तैयार किया गया ,बैठक में जिला अध्यक्ष जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी योगेश साहू कि अध्यक्षता में कि गई , बैठक में प्रदीप साहू ,राकेश साहू,अविनाश साहू, साजन निषाद,पूर्णिमा साहू ,रोशनी साहू हेमपुष्पा देवांगन आदि प्रमुख सेनानी एवं पदाधिकारी बैठक में सम्मिलित थे।

## हाइवे में हेलमेट लगाने का आदेश करवाने वाले पूर्व पार्षद रमेश आहूजा का मोमेन्टो देकर सम्मान



**रायपुर 4 मई।** हाइवे में हेलमेट अनिवार्य कराने हेतु नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, ने लगातार एक वर्ष तक संघर्ष करके जो निर्णायक भूमिका अदा की उससे प्रभावित होकर छ0ग0 भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक तथा शहर भाजपा के उपाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल ने उन्हें मोमेन्टो देकर सम्मानित किया। श्री सुभाष अग्रवाल ने कहा कि, श्री आहूजा सन् 1974 से लगातार जनता की समस्याओं के लिए संघर्षशील है। श्री आहूजा मंत्रियों, नेताओं तथा अधिकारियों को पत्र लिखने की कला में माहिर, हर समस्या को हल करने में समय लगता है लेकिन उनके धैर्य व दृढ़ संकल्प के कारण उन्हें हर समस्या को हल करने में सफलता प्राप्त होती है। श्री किशोर आहूजा ने श्री रमेश आहूजा को केसरिया साफा पहनाकर समान दिया श्री किशोर आहूजा ने कहा कि श्री रमेश आहूजा के नेतृत्व में 5 वर्षों में नहर पारा विकास समिति की यह तीसरी सफलता है पहली बोतल नेक नहर पारा सड़क का चौड़ी करण दूसरी मुस्कान प्रोविजन से ट्रांसफार्मर हटाना तीसरी हाइवे में हेलमेट अनिवार्य कराना। नहरपारा विकास समिति के महामंत्री श्री किशोर आहूजा ने इस अवसर पर कहा कि श्री रमेश आहूजा ऐसे नेता है कि जिस प्रकार डाक्टर मरीज की नब्ज देखकर बीमारी का पता लगा लेता है उसी प्रकार रमेश आहूजा जी समस्या की जड़ में जाकर उसका हल ढूंढकर सफलता हासिल कर लेते है । इस अवसर पर अमृतलाल पंजवानी, मनोहर खुर्सीजा, वेदप्रकाश मुंडेजा, सोहन क्षत्री, मनमोहन विग, राजू जग्गी, सोनु कुरैशी, मनीष टांक, राजू खिलनानी आदि उपस्थित थे ।

धर्म जागरण प्रमुख राजेंद्र जी ने कहा-अद्भुत आयोजन

# अग्रवाल संगठन के निःशुल्क सामूहिक विवाह में उमड़ा जनसैलाब

**रायपुर 4 मई।** राजधानी रायपुर के राम मंदिर परिसर स्थित बाल्मिकी हॉल में उस समय सेवा, संस्कार और उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के तत्वावधान में 51 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। इस भव्य निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह ने सामाजिक समरसता, सहयोग और सेवा भावना की अनुपम मिसाल प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, भगवान श्री अग्रसेन जी की आरती एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। प्रथम सत्र में राष्ट्रीय संरक्षक सियाराम अग्रवाल, धर्म जागरण प्रमुख राजेंद्र जी, राम मंदिर अध्यक्ष बृजलाल गोयल, प्रमुख मार्गदर्शक दीनदयाल गोयल एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

भजन गायक तरुण सोनी, पाखी शर्मा एवं प्रीति पोद्दार के मधुर भजनों के बीच 51 जोड़ों की हल्दी एवं मेहंदी की रस्में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुईं। पूरा वातावरण भक्ति, उल्लास और उत्साह से सराबोर रहा।द्वितीय सत्र में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरी शंकर अग्रवाल, बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस अध्यक्ष अमित जोगी, संत युधिष्ठिर जी महाराज, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा,





सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, विधायक संदीप साहू सहित अनेक विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। अतिथियों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पुष्पगुच्छ, गमछा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। अपने संबोधन में अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में व्याप्त फिजूलखर्ची को रोकते हैं तथा गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए संबल बनते हैं। यह आयोजन सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करता है।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने मंच तक सीमित न रहते हुए प्रत्येक मंडप में जाकर नवदंपत्तियों को आशीर्वाद दिया एवं उन्हें उपहार भेंट किए। उनकी इस आत्मीयता और सादगी ने सभी को भावविभोर कर दिया।

प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा– परहित सरिस धर्म नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और 51 कन्याओं का कन्यादान हमारे लिए केवल आयोजन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक उत्तरदायित्व है।÷ उन्होंने इस आयोजन की सफलता का श्रेय समाज की एकजुटता और कार्यकर्ताओं के निस्वार्थ परिश्रम को दिया तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक प्रकल्पों को व्यापक स्तर पर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संजय अग्रवाल ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष हरिकेश पालीवाल एवं प्रियंका अग्रवाल ने किया। समारोह में संगठन मंत्री संजीव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अजय खेतान, सुनील रामदास अग्रवाल, अशोक मोदी, संयोजक शोभा केड़िया, गुंजा सुल्तानिया, रमेश अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी ज्योति अग्रवाल सहित संगठन की पूरी कार्यकारिणी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक एवं वर-वधू पक्ष के परिजन उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा आयोजित यह सामूहिक विवाह समारोह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का महाकुंभ सिद्ध हुआ। आयोजन में आवास, भोजन, पंडाल, हल्दी-मेहंदी, श्रृंगार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई थी। प्रत्येक नवदंपत्ति को गृहस्थ जीवन की शुरुआत हेतु उपयोगी उपहार भी प्रदान किए गए। यह आयोजन न केवल सुव्यवस्थित और गरिमामय रहा, बल्कि समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर सामाजिक एकता और सेवा भावना की नई मिसाल स्थापित कर गया।

## जमीन पर लोगों को लगना चाहिए सुशासन है

हर सरकार अपने शासन को सुशासन मानती है। कोई भी राजनीतिक दल चुनाव जीतकर सत्ता में आता है तो और शासन करता है तो वह मानता है कि पिछली सरकार में सुशासन नहीं था, हमारी सरकार आने के बाद राज्य में सुशासन आया है। सरकार के मान लेने से किसी राज्य में सुशासन नहीं आ जाता है। सुशासन तो तब आता है जब जमीनी स्तर पर जनता को लगता है कि उसकी मांग मानी जा रही है, उनकी समस्याओं को हल समय पर किया जा रहा है। उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है। मंत्री से लेकर अधिकारी तक उसकी बात सुन रहे हैं। तब लगता है राज्य में सुशासन साकार है यानी सिर्फ कहा नही जा रहा है,सुशासन में जो कुछ होना चाहिए वह सब हो रहा है। साय सरकार ने चुनाव में जनता से सुशासन का वादा किया था, वह वादा सरकार पूरा करने का प्रयास कर रही है। साय सरकार सुशासन की अवधारणा को साकार करने के लिए, लोगों को एहसास दिलाने के लिए सुशासन तिहार मनाती है। हर साल मनाती है ताकि साल में एक बात तो जनता को लगे कि वाकई साय सरकार में उसका सम्मान है, अधिकारी कुर्सी पर बैठकर बात सुनानेवाले नहीं, उनकी बात सुनने वाले हैं। जनता को साल में ग्याहर महीने ऐसे ही अधिकारियों व कर्मचारियों से हर सरकारी दफ्तर में पाला पड़ता है तो आम लोगों की बात को सुनते ही नहीं है। कई तरह की बाते सुनाते हैं और जनता को इस बात का एहसाल दिलाते रहते हैं कि तुम छोटे हो और हम बड़े हैं। तुम शासित हो और हम शासन करने वाले हैं। अपने को बड़ा साबित करने के लिए अधिकारी व कर्मचारी कई तरह के बहानों से जनता को सरकारी दफ्तरों को कई चक्कर लगवाते हैं। आम लोगों की जितनी भीड़ किसी अधिकारी के दफ्तर में होती है उस अधिकारी को यही लगता है कि वह बड़ा अधिकारी है। किसी सरकारी दफ्तर में ज्यादा का भीड़ का मतलब होना चाहिए कि अधिकारी नालायक है, वह जनता का काम नहीं कर रहा है, वह जनता का सेवक है लेकिन जनता की सेवा ठीक से नहीं कर रहा है।सीएम साय ने ऐसे तमाम अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों,मंत्री को जो खुद को ग्यारह महीने शासक मानते हैं जनता से बड़ा मानते हैं. एक मई से 10 जून तक सुशासन तिहार में साफ कह दिया है कि आपकी जो आदत दफ्तर में रही है, उसे भूल जाइए और जनता के सेवक के रूप में एक महीने तक काम करिए। इससे वे जनप्रतिनिधि, मंत्री, विधायक, पार्षद सब न चाहने पर जनता के लिए एक माह काम करना पड़ता है। जनता के सामने झुकना पड़ता है, मानना पड़ता है कि जनता ही सबसे बड़ी है। इससे जनता को भी भले ही एक महीना लगे कि बड़े से बड़ा मंत्री,विधायक, अधिकारी व कर्मचारी उसका सेवक है और जनता की हर तरह से सेवा करना उसका पहला काम है। अगर साय जैसा सुशासन चाहते हैं, वैसा सुशासन होता तो राज्य में एक माह सुशासन तिहार मनाने की जरूरत नहीं होती । इसलिए साय हर साल एक माह सुशासन तिहार के बहाने जनता को तो एहसास दिलाना चाहते हैं कि जिस तरह सुशासन तिहार में उनकी सेवा होती है,वह चाहते हैं कि अधिकारी बारहों महीने वैसी सेवा करें। सुशासन तिहार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को सुशासन के लिए संस्कारित करने का प्रयास है, इसलिए सीएम की इस बात के लिए तारीफ होनी चाहिए कि वह सुशासन की बात ही नहीं कर रहे हैं, वह सुशासन का एहसास जनता को जमीनी स्तर कर करवाने का प्रयास भी कर रहे हैं।

विश्लेषण

# मथुरा डैम त्रासदी से सीख नहीं-नतीज़ा बरगी डैम त्रासदी

**किशन सनमुखदास भावनानीं**



वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ नज़रें भारतीय पर्यटक स्थल पर लग गई जब 30 अप्रैल 2026 की शाम बरगी डैम (नर्मदा के बैकवॉटर) में भीषण क्रूज हादसा, हुआ जिसमें प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार 13 लोगों की मृत्यु हुई,केवल एक आकस्मिक दुर्घटना नहीं बल्कि हमारे पर्यटन तंत्र में गहरे पैठे सुरक्षा-संस्कृति के अभाव और प्रशासनिक लापरवाही का कठोर उदाहरण बनकर सामने आया है। जब घटनास्थल से यह तथ्य उभरकर आता है कि कई पर्यटकों ने लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी और यह भी कि उन्हें व्यवस्थित रूप से पहनने के लिए बाध्य नहीं किया गया तथा मौसम विभाग के अलर्ट को भी नजर नजरअंदाज कर दिया गया था तो यह सवाल स्वतः उठता है कि क्या यह केवल एक त्रुटि थी या नियमों की सुनियोजित अनदेखी? इस त्रासदी का दर्द तब और गहरा हो जाता है जब इसे हाल ही में मथुरा में हुए समान हादसे के संदर्भ में देखा जाए,जहाँ 26 लोगों की जान चली गई थी और वहाँ भी लाइफ जैकेट का अभाव या उपयोग न होना प्रमुख कारणों में शामिल था। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि इन दो घटनाओं के बीच का समयइतना कम है कि यह निष्कर्ष निकलना स्वाभाविक है,हमने सबक नहीं सीखा।यह स्थिति केवल किसी एक राज्य या एक प्रशासनिक इकाई की विफलता नहीं है; यह पूरे देश के पर्यटन प्रबंधन तंत्र में व्याप्त प्रणालीगत खामियों को उजागर करती है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, जहाँ धार्मिक, प्राकृतिक और साहसिक पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है, वहाँ सुरक्षा मानकों का अनुपालन केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि जीवन-मृत्यु का प्रश्न बन जाता है। फिर भी, जमीनी हकीकत यह है कि कई पर्यटन स्थलों पर नियम पुस्तकों तक सीमित हैं और उनका पालन 'मुनाफे' के दबाव में दरकिनार कर दिया जाता है। बरगी डैम की घटना में भी यही परिलक्षित होता है—जहाँ पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय क्रूज संचालन जारी रखा गया,भले ही परिस्थितियाँ बिल्कुल भी अनुकूल न हों। साथियों बात अगर हम लाइफ जैकेट का अभाव या उनका उपयोग न कराया जाना इसको समझने की करें तो,इस पूरे प्रकरण का सबसे गंभीर और स्पष्ट लापरवाही का बिंदु है। अंतरराष्ट्रीय स्तरपर जल-पर्यटन में यह एक बुनियादी और अनिवार्य सुरक्षा उपाय माना जाता है।किसी भी नाव या क्रूज के पानी में उतरने से पहले यह सुनिश्चित करना ऑपरेटर की जिम्मेदारी होती है कि प्रत्येक यात्री सही ढंग से लाइफ जैकेट पहने। यह केवल एक उपकरण नहीं बल्कि संकट की घड़ी में जीवन और मृत्यु के बीच की अंतिम दीवार होती है। ऐसे में यदि यह पाया जाता है कि जैकेट उपलब्ध नहीं थीं, या उपलब्ध होने के बावजूद यात्रियों को पहनने के लिए बाध्य नहीं किया गया, तो यह सीधा-सीधा आपराधिक लापरवाही का सटीक मामला बनता है।

साथियों दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है मौसम की चेतावनियों की अनदेखी। यदि मौसम विभाग जैसे भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा पहले से तेज हवाओं या खराब मौसम की चेतावनी जारी की गई थी,और इसके बावजूद क्रूज संचालन जारी रहा,तो यह केवल जोखिम उठाने का मामला नहीं बल्कि जानबूझकर खतरे को आमंत्रित करने जैसा है। 40-50 किमी/घंटा की तेज हवाएँ किसी भी जलयान के लिए गंभीर चुनौती होती हैं, विशेषकर तब जब उसमें आम पर्यटक सवार हों। ऐसे में प्रशासन और ऑपरेटर दोनों की जिम्मेदारी बनती है कि वे गतिविधियों को तत्काल रोकें, न कि मुनाफे या दबाव के चलते उन्हें जारी रखें।

साथियों ओवरलोडिंग और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन भी ऐसे हादसों के प्रमुख कारणों में शामिल होते हैं। कई बार देखा गया है कि अधिक से अधिक यात्रियों को समायोजित करने के लिए नावों में उनकी निर्धारित क्षमता से ज्यादा लोगों को बैठाया जाता है। इससे न केवल संतुलन बिगड़ता है बल्कि आपातकालीन स्थिति में बचाव कार्य भी जटिल हो जाता है। यदि बरगी डैम हादसे में भी ऐसा कोई तत्व सामने आता है, तो यह और अधिक गंभीरता से जांच और कार्रवाई की मांग करता है। यहाँ यह भी ध्यान देने योग्य है कि सुरक्षा उपकरण जैसे लाइफ बोट,सिग्नलिंग डिवाइस,प्रशिक्षित स्टाफ का अभाव स्थिति को और घातक बना देता है। साथियों प्रशासनिक जवाबदेही इस पूरे विमर्श का केंद्र बिंदु है। पर्यटन विभाग और स्थानीय प्रशासन की यह प्राथमिक जिम्मेदारी होती है कि वे सभी ऑपरेटरों को लाइसेंस देने से पहले उनकी सुरक्षा तैयारियों की जांच करें और नियमित अंतराल पर निरीक्षण करें। यदि यह पाया जाता है कि नियमों का उल्लंघन लंबे समय से हो रहा था और इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो यह केवल चूक नहीं बल्कि 'सांठगांठ' या 'सिस्टमेटिक फेल्योर' की ओर संकेत करता है। ऐसे मामलों में केवल निचले स्तर केकर्मचारियों को दोषी ठहराना पर्याप्त नहीं होता; उच्च स्तर के अधिकारियों की भूमिका की भी गहन जांच आवश्यक होती है।

साथियों कानूनी दृष्टिकोण से देखें तो ऐसी घटनाओं में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस ) या पूर्ववर्ती आईपीसी की धाराएँ स्पष्ट रूप से लागू होती हैं। धारा 304ए (लापरवाही से मृत्यु) ऐसे मामलों में सामान्यतः लगाई जाती है, जहाँ किसी की असावधानी या लापरवाही के कारण किसी की जान चली जाती है। परंतु यदि यह सिद्ध हो जाए कि जोखिम के बारे में पूर्व जानकारी थी और फिर भी जानबूझकर उसे नजरअंदाज किया गया, तो धारा 304 (गैर-इरादतन हत्या) या यहाँ तक कि धारा 302 (हत्या) के तहत भी मामला बन सकता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि जांच में मेनस रिया,अपराध की मानसिक स्थिति कितनी गंभीर पाई जाती है। बरगी और मथुरा जैसी घटनाओं के संदर्भ में यह बहस प्रासंगिक है कि क्या केवल लापरवाही कहना पर्याप्त है, या इसे अधिक कठोर आपराधिक श्रेणी में रखा जाना चाहिए। साथियों भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बहु-स्तरीय और सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। सबसे पहले, लाइफ जैकेट का अनिवार्य उपयोग केवल एक नियम नहीं बल्कि 'नॉन- नेगोशिएबल' शर्त होना चाहिए बिना जैकेट के किसी भी यात्री को नाव या क्रूज पर चढ़ने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसके लिए तकनीकी उपाय जैसे बोर्डिंग गेट पर सेंसर या डिजिटल चेक भी अपनाए जा सकते हैं। दूसरा, ऑपरेटरों के लाइसेंसिंग सिस्टम को पारदर्शी और सख्त बनाया जाना चाहिए, जिसमें नियमित और औचक निरीक्षण शामिल हों। तीसरा, मौसम संबंधी गाइडलाइंस को कानूनी रूप से बाध्यकारी बनाया जाए यदि चेतावनी जारी हो, तो संचालन स्वतः निलंबित हो जाए।इसके अतिरिक्त, क्रूज और नावों पर कार्यरत कर्मचारियों का प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है।उन्हेंआपातकालीन स्थितियों से निपटने, प्राथमिक उपचार देने और बचाव कार्यों का संचालन करने में दक्ष होना चाहिए। क्षमता का कड़ाई से पालन भी अनिवार्य है—इसमें किसी भी प्रकार की ढील सीधे खतरे को आमंत्रित करती है। अंततः, पर्यटन स्थलों पर नियमित 'सुरक्षा ऑडिट' विशेषकर थर्ड-पार्टी एजेंसियों द्वारा कराया जाना चाहिए, ताकि निष्पक्ष मूल्यांकन हो सके और खामियों को समय रहते दूर किया जा सके। बरगी डैम और मथुरा जैसी त्रासदियाँ हमें यह सिखाती हैं कि विकास और पर्यटन के नाम पर यदि सुरक्षा से समझौता किया गया, तो उसकी कीमत मानव जीवन से चुकानी पड़ती है। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं बल्कि उन परिवारों की पीड़ा है जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। इसलिए अब समय आ गया है कि 'दुर्घटना' शब्द के पीछे छिपने के बजाय 'जवाबदेही' को केंद्र में लाया जाए। जब तक दोषियों पर कठोर और उदाहरणात्मक कार्रवाई नहीं होगी चाहे वे ऑपरेटर हों, अधिकारी हों या नीति-निर्माता तब तक यह चक्र नहीं टूटेगा। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि यह केवलसरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की भी भूमिका है।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज किसी प्रोजेक्ट में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो सफलता दिलाने में मददगार साबित होगा।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अधिकारियों का दिल जीतने में कामयाब भी होंगे। महिलाए अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती है।

मिथुन राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है। समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको कुछ नई जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली आर्थिक परेशानियों से भी बच जायेंगे। आज अपने काम को सामान्य गति से पूरा करेंगे।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आज परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा।

धनु राशि- आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकता है। इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें। किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीतिक से जुड़े लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज आपको बडों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको ख़ुशी होगी।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए शुभफलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को नई गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। विद्यार्थियों को किसी टॉपिक को समझने में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा।

मीन राशि- आज आपका दिन आपके परिवार में खुशियाँ लाने वाला रहेगा। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए अच्छे मौके मिलेंगे। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए।

व्यंग्य

## नीले टिक का तर्पण

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

बनारस की उस पुरानी पुश्तैनी हवेली के दालान में गंगा की लहरों का शोर कम, नोटिफिकेशन की घनघनाहट ज़्यादा थी। पंडित दीनानाथ अपनी लकड़ी की आराम कुर्सी पर ऐसे पसरे थे, जैसे ऑफलाइन दुनिया के आखिरी पुरावशेष हों। हाथ में मोबाइल ऐसे चिपका था जैसे शरीर का कोई नया अंग प्रगट हो गया हो। पोता कल्लू पास आकर बोला, "बाबा, बगल वाले टोले से बुआ का फोन आया था... कह रही थीं कि फुआ की तबीयत बहुतै खराब है। दवा-दारू के लिए कुछ कह रही थीं।" दीनानाथ की उंगलियां स्क्रीन पर किसी सधे हुए तबला वादक की तरह थिरक रही थीं। "अरे गुरु... देते हैं। ज़रा ठहरो, ये जीवन के पाँच अटल सत्य वाला वीडियो ग्रुप में पेल दें, दुनिया का उद्धार हो जाएगा।" कल्लू ने माथा पीटा, "बाबा, फुआ को अस्पताल ले जाना पड़ेगा, बुआ घबराई हुई हैं।" दीनानाथ ने बिना चश्मा ऊपर किए जवाब दिया, "अरे लल्ला, घबराने से क्या होगा? ये देख, प्राणायाम के चमत्कार वाली रील मिली है। अपनी फुआ को फॉरवर्ड कर दे, देखते ही ऑक्सीजन लेवल चकाचक हो जाएगा!" कल्लू चला गया। पंडित जी अब उस परम फोटो की तलाश में थे जिसमें उगता सूरज थोड़ा वैराग्य ओढ़े लगे और नीचे लिखा हो– "रिश्ते देह से नहीं, डेटा से अमर होते हैं।" वे जुड़ाव की इस डिजिटल जुगाली में इतने विभोर थे कि दूर कहीं बजती एम्बुलेंस की आवाज उन्हें किसी बैकग्राउंड म्यूजिक जैसी लग रही थी। सॉकेट पर चार्जर ऐसे लटके थे जैसे दशाश्वमेध घाट पर मन्नत के कलावा। बिजली की हर तरंग के साथ पुण्य का मीटर बढ़ रहा था। पंडित जी ने देखा, शुद्ध सनातनी सखा वाले ग्रुप में सन्नाटा है। उन्होंने फौरन एक फोटो डाली– ओस की ऐसी बूंद कि स्क्रीन भीग जाए। नीचे लिखा– "अपनों का संचय करें, समय बालू की तरह फिसल रहा है।" लिखते ही उन्हें जो ब्रह्मानंद मिला, लगा जैसे साक्षात् मोक्ष का द्वार उनके लिए खुल गया है। तभी कल्लू फिर आया, चेहरा एकदम भभका हुआ। "बाबा, बुआ का फिर फोन आया था। कह रही थीं कि फुआ अब कुछ बोल नहीं रही हैं। आप बड़े भाई हैं, एक बार वहां चले जाते तो..." पंडित जी झल्ला गए, "अरे काहे पैनिक फैला रहे हो बे? ये देखो, हमने ग्रुप में डाल दिया है कि चिंता चिता समान है। सब ओम लिख रहे हैं। तू भी लिख, पुण्य मिलेगा। और सुनो, ये फोटो देखो, इसमें गेंदे का फूल इतना असली है कि सुगंध सीधे आत्मा तक जाएगी।" कल्लू ने कांपते हाथों से अपना फोन देखा। वहां उसकी बुआ के संदेश के ऊपर सुप्रभात के चमकीले पीले फूलों का ढेर लग चुका था। संवेदनाएं आउटसोर्स हो चुकी थीं। पंडित जी मंद-मंद मुस्कुराए, देख, सबने प्रणाम वाला इमोजी भेजा है। अब फुआ को कुछ नहीं हो सकता। मॉडर्न काल है लल्ला, यहाँ यमराज भी बिना डेटा के नहीं आते। रात गहरा गई। दीनानाथ ने शुभरात्रि का ऐसा बम फेंका कि ग्रुप के आधे लोग पापबोध से मर जाएं कि वे अभी तक सोए क्यों नहीं। खुद दो घंटे तक जागकर ये कुंडली खंगालते रहे कि किसने सीन किया और किसने इग्नोर। "धत तेरे की... ये मिश्रा जी ने अभी तक ब्लू टिक नहीं दिया? कल ही अहंकार का विनाश वाली रील भेजूंगा इनको।" अंधेरे कमरे में मोबाइल की नीली रोशनी उनके चेहरे को किसी शव की तरह धवल कर रही थी। तभी उनके फोन पर बुआ की तरफ से एक मिस्ड कॉल आई, फिर सब सन्न हो गया। पंडित जी को लगा शायद नेटवर्क चला गया। उन्होंने फोन झकझोरा। "अरे कल्लू, ज़रा देखो तो राउटर की बत्ती जल रही है क्या? इंटरनेट मर गया तो समझो हम भी मर गए।" कोई जवाब नहीं आया। दीनानाथ को क्रोध आया। उन्होंने ग्रुप पर मैसेज डाला– "आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है।" खुद की लिखी दर्शन की गहराई पर वे खुद ही लट्टू हो गए। उनकी उंगलियां अब भी चल रही थीं, भले ही कई मील दूर एक हृदय की धड़कनें एकदम सुस्त पड़ चुकी थीं। उन्हें दृढ़ विश्वास था कि अगर वे एक पल के लिए भी डिस्कनेक्ट हुए, तो यह सृष्टि उनके बिना चलना बंद कर देगी। सुबह का सूरज ठीक वैसा ही निकला जैसा पंडित जी की सुप्रभात वाली फोटो में था– थोड़ा धार्मिक, थोड़ा प्रखर। वे कल रात वाली परम फोटो के साथ ऑनलाइन प्रगट हुए। ग्रुप पर वही फोटो पोस्ट की– "अपनों को गले लगाओ, कल किसने देखा है?" तभी कल्लू का मैसेज फ्लैश हुआ। पंडित जी ने चश्मा पोंछा, चलो, कम से कम पोता तो डिजिटल धर्म को समझ रहा है। मैसेज खोला। भीतर कोई फोटो नहीं थी, कोई सुविचार नहीं था। सिर्फ एक लोकेशन पिन थी जो श्मशान घाट की ओर इशारा कर रही थी और नीचे लिखा था– "बाबा, फुआ कल रात ही विदा हो गईं। आप ऑनलाइन होकर मोक्ष ढूंढ रहे थे, वो ऑफलाइन होकर घाट पहुँच गईं। अब ये फोटो अपने ग्रुप में डाल दीजिए, बहुत लाइक और श्रद्धांजलि वाले इमोजी मिलेंगे।" पंडित जी के हाथ से फोन छूटकर दालान के पत्थरों पर जा गिरा। स्क्रीन कचर-कचर होकर टूट गई थी, पर भीतर से अब भी नोटिफिकेशन की टिटिहारी गूँज रही थी– "मिश्रा जी लाइक्ड योर स्टेटस।" कई मील दूर फुआ की पार्थिव देह पंचतत्व में विलीन हो रही थी और पंडित जी के हाथ अपनी ही उस फोटो को डिलीट करने के लिए थरथरा रहे थे, जिसमें लिखा था– "रिश्ते निभाने के लिए मोबाइल नहीं, मन चाहिए।" स्क्रीन के कांच के महीन टुकड़े उनके अंगूठे में चुभ गए थे, रक्त की बूंदें टपक रही थीं, पर अफसोस, उस सिसकते खून का कोई फिल्टर उनके फोन में मौजूद नहीं था। संवेदनाओं का एक्सीडेंट हो चुका था और एम्बुलेंस के बदले शुभकामनाओं के फूलों की डिजिटल सुनामी आ रही थी।

## तकनीक का जाल या उपभोक्ता की मजबूरी?

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



दो-तीन वर्षों में नया मोबाइल खरीदना— यह केवल एक व्यक्ति का अनुभव नहीं, बल्कि आज के डिजिटल युग की एक व्यापक सच्चाई है। कभी तकनीक को जीवन को सरल, तेज़ और सुविधाजनक बनाने का माध्यम माना जाता था, लेकिन आज वही तकनीक कई बार उपभोक्ताओं के लिए आर्थिक और मानसिक दबाव का कारण बनती दिखाई देती है। सवाल यह नहीं है कि तकनीक गलत है, बल्कि यह है कि उसका उपयोग और व्यापारिक ढांचा किस दिशा में जा रहा है। मोबाइल कंपनियाँ हर वर्ष नए-नए मॉडल बाजार में उतारती हैं, जिनमें बेहतर कैमरा, तेज़ प्रोसेसर और आकर्षक डिज़ाइन का वादा किया जाता है। इसके साथ ही पुराने मोबाइल फोन के लिए सॉफ़्टवेयर अपडेट भी जारी किए जाते हैं। सिद्धांत रूप में ये अपडेट सुरक्षा और प्रदर्शन सुधारने के लिए होते हैं, लेकिन व्यवहार में कई उपयोगकर्ताओं को यह अनुभव होता है कि अपडेट के बाद उनका फोन धीमा हो जाता है, बैटरी जल्दी खत्म होती है और ऐप्स पहले की तरह सुचारू रूप से नहीं चलते। इस स्थिति ने "planned obsolescence" यानी योजनाबद्ध अप्रचलन की बहस को जन्म दिया है—एक ऐसी रणनीति, जिसमें उत्पाद को इस तरह डिज़ाइन किया जाता है कि वह कुछ समय बाद अप्रभावी हो जाए, ताकि उपभोक्ता नया उत्पाद खरीदने को मजबूर हो। यह कहना पूरी तरह सही नहीं होगा कि हर बार कंपनियाँ जानबूझकर ऐसा करती हैं। तकनीकी रूप से, हर नया सॉफ़्टवेयर अधिक उन्नत होता है और उसे अधिक संसाधनों की आवश्यकता होती है। पुराने हार्डवेयर पर उसका प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन जब यही प्रक्रिया लगातार उपभोक्ता के अनुभव को खराब करती है, तो यह सवाल उठना लाज़मी है कि क्या कंपनियाँ अपने उत्पादों की दीर्घकालिक उपयोगिता को लेकर पर्याप्त ईमानदार हैं। उपभोक्ता के पास विकल्प सीमित होते जा रहे हैं—या तो वह धीमे होते फोन के साथ समझौता करे या फिर नया फोन खरीदे। टेलीकॉम क्षेत्र में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। पहले जहाँ रिचार्ज प्लान 30 दिनों के होते थे, वहीं अब अधिकांश कंपनियाँ 28 दिनों का चक्र अपनाने लगी हैं। पहली नजर में यह अंतर छोटा लगता है, लेकिन साल भर में यह अंतर एक अतिरिक्त रिचार्ज में बदल जाता है। यानी उपभोक्ता को 12 के बजाय 13 बार भुगतान करना पड़ता है। यह एक सूक्ष्म लेकिन प्रभावी व्यावसायिक रणनीति है, जो कंपनियों के मुनाफे को बढ़ाती है, जबकि उपभोक्ता की जेब पर अतिरिक्त भार डालती है। यह व्यवस्था खासकर उन लोगों के लिए अधिक कठिन है, जिनकी आय सीमित है और जिनके लिए हर अतिरिक्त खर्च मायने रखता है। डिजिटल सेवाओं के बढ़ते विस्तार के साथ ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) का उपयोग भी अत्यधिक बढ़ गया है। बैंकिंग, ऑनलाइन खरीदारी, सोशल मीडिया, यहाँ तक कि कई सरकारी सेवाओं के लिए भी ओटीपी अनिवार्य हो गया है। सुरक्षा की दृष्टि से यह एक आवश्यक कदम है, क्योंकि साइबर अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है। लेकिन इसका दूसरा पक्ष यह है कि इससे उपयोगकर्ता अनुभव जटिल हो जाता है। हर छोटे काम के लिए ओटीपी की आवश्यकता प्रक्रिया को धीमा और कभी-कभी निराशाजनक बना देती है। इसके अलावा, जिन लोगों के पास स्थिर नेटवर्क या आधुनिक उपकरण नहीं हैं, उनके लिए यह एक अतिरिक्त बाधा बन जाती है। सबसे गंभीर मुद्दा डेटा की अनिवार्यता का है। आज के समय में इंटरनेट केवल मनोरंजन का साधन नहीं रह गया है; यह शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं तक पहुँच का मुख्य माध्यम बन चुका है। ऑनलाइन कक्षाएँ, डिजिटल भुगतान, ई-गवर्नेंस सेवाएँ—ये सभी इंटरनेट पर निर्भर हैं। ऐसे में डेटा खरीदना अब एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन गया है। लेकिन जब डेटा की कीमतें लगातार बढ़ती हैं या योजनाएँ जटिल होती जाती हैं, तो इसका सीधा प्रभाव समाज के कमजोर वर्गों पर पड़ता है। डिजिटल विभाजन (digital divide) और गहरा हो जाता है, जहाँ एक वर्ग तेजी से आगे बढ़ता है, जबकि दूसरा वर्ग पीछे छूट जाता है। यहाँ एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है—क्या इस स्थिति पर नियंत्रण संभव है? इसका उत्तर सरल नहीं है, लेकिन असंभव भी नहीं। सबसे पहले, नियामक संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कंपनियाँ उपभोक्ताओं के साथ पारदर्शिता बनाए रखें और ऐसी नीतियाँ न अपनाएँ जो अप्रत्यक्ष रूप से शोषण का कारण बनें। उदाहरण के लिए, रिचार्ज योजनाओं की अवधि और संरचना को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाए जा सकते हैं, ताकि उपभोक्ता को भ्रमित न किया जाए।

दूसरा, उपभोक्ता संरक्षण कानूनों को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता है। यदि कोई कंपनी जानबूझकर अपने उत्पाद की कार्यक्षमता को कम करती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही, उपभोक्ताओं को यह अधिकार मिलना चाहिए कि वे अपने उपकरणों की मरम्मत आसानी से करा सकें। "Right to Repair" जैसे विचार इसी दिशा में एक सकारात्मक कदम हैं, जो उपभोक्ताओं को अपने उत्पादों पर अधिक नियंत्रण देते हैं और उन्हें बार-बार नया उत्पाद खरीदने की मजबूरी से बचाते हैं। तीसरा, उपभोक्ता जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कई बार हम स्वयं भी बिना सोचे-समझे नए उत्पादों की ओर आकर्षित हो जाते हैं। विज्ञापन, सोशल मीडिया और साथियों का प्रभाव हमें यह महसूस कराता है कि नया फोन या नई योजना आवश्यक है, जबकि वास्तविकता में ऐसा नहीं होता। यदि उपभोक्ता अपने निर्णय सोच-समझकर लें, अनावश्यक अपडेट्स से बचें और अपने उपकरणों का उपयोग अधिक समय तक करें, तो इस चक्र को कुछ हद तक तोड़ा जा सकता है। इसके अलावा, सरकार और समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि डिजिटल सेवाएँ सभी के लिए सुलभ और किफायती हों। सार्वजनिक वाई-फाई, सस्ती डेटा योजनाएँ और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जब तक हर व्यक्ति को समान अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक तकनीक का लाभ पूर्ण रूप से समाज तक नहीं पहुँच पाएगा। अंततः, तकनीक स्वयं में न तो अच्छी है और न ही बुरी—यह इस बात पर निर्भर करती है कि उसका उपयोग कैसे किया जाता है। यदि तकनीक का उद्देश्य केवल मुनाफा कमाना बन जाए, तो वह उपभोक्ताओं के लिए बोझ बन सकती है। लेकिन यदि उसे मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए उपयोग किया जाए, तो वह एक शक्तिशाली साधन बन सकती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम तकनीक और व्यापार के बीच संतुलन स्थापित करें। कंपनियाँ अपनी जिम्मेदारी समझें, नियामक संस्थाएँ सक्रिय रहें और उपभोक्ता जागरूक बनें। तभी हम एक ऐसे डिजिटल भविष्य की कल्पना कर सकते हैं, जहाँ तकनीक वास्तव में मानव जीवन को सरल और समृद्ध बनाए, न कि उसे आर्थिक दबाव और निर्भरता के जाल में फँसा दे।

### सू- दोकू क्र.028

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.027 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

### शब्द सामर्थ्य -028


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, जनक, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 027 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | कि | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्था | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

## एक नजर

### वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन

**बचेली 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मजदुर संघटन एस.के.एम.एस के तत्वाधान में एवं एन एम डी सी बचेली के सहयोग से 1मई मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय वॉली बाल प्रतियोगिता 29 अप्रैल से प्रारंभ होकर 01मई 2026 को समापन हुई फाइनल प्रतियोगिता में एन एम डी सी बचेली परियोजना के प्रमुख श्री श्रीधर कोड़ाली सर रहे, एवं विशिष्ट अथिति श्री महेश नायरजी महाप्रबंधक (कार्मिक) एवं सौरभकुमारजी उप-महाप्रबंधक (कार्मिक), नगर पालिका अध्यक्ष श्री राजू जैसवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष - श्री सतीश प्रेमचंदनी, किरंदुल बचेली (एसडीओपी) श्री कमलजीत पाटले, बचेली नगर निरीक्षक - श्री प्रहलाद साहू के गरिमामयी उपस्तिथि रही। साथ में एस के एम एस अध्यक्ष श्री रवि मिश्रा, सचिव जागेश्वर प्रसाद, श्री रामु राम उपाध्यक्ष, एम राजू, आर वेंकट, श्रवण कुमार, रमेश सेठिया, जीतेन्द्र राइ, एवं अन्य सदस्यों का बहुमूल्य उपस्थिति रही।

### कांग्रेस ने गैस सिलेंडर के दामों की वृद्धि के विरोध में किया प्रदर्शन

**जगदलपुर , 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर-ग्रामीण के द्वारा शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के मार्गदर्शन एवं पूर्व विधायक रेखचंद जैन के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश व प्रदेश में घरेलू-कमर्शियल गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दामों की वृद्धि के विरोध में भाजपा सरकार के खिलाफ गोलबाजार चौंक में विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कमर्शियल गैस के सिलेंडर की लगातार बढ़ते दामों की व्याख्या करते हुए बताया कि एक साथ सिलेंडर के भाव में एक हजार रूपये बढ़ने से इसका प्रभाव व्यापक रूप से पढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार पांच सौ रूपये में महिलाओं को घरेलू गैस सिलेंडर देने का वादा किया था, आज तक भाजपा की सरकार ने अपना वादा पूरा नही किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार एक तरफ बड़े-बड़े उद्योगपतियों को करोड़ों रुपए की सब्सिडी दे रही है वहीं गैस सिलेंडर पर सब्सिडी देने देकर राहत पहुंचाने का काम नहीं करती है। आज पूरे देश भर में कांग्रेस में इसके विरोध में प्रदर्शन कर गैस सिलेंडर के दाम कम किए जाने की मांग की है। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बस्तर के 28 हजार छात्रों को मिलेगा श्रेणी सुधार का मौका

**जगदलपुर, 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर संभाग के उन हजारों छात्रों के लिए राहत की खबर है, जो बोर्ड परीक्षा में एक या दो विषयों में सफल नहीं हो पाए। माध्यमिक शिक्षा मंडल 4 मई से दूसरी मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर रहा है। इसके जरिए संभाग के करीब 28 हजार से अधिक छात्र अपना साल बचा सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशों के अनुसार 10वीं-12वीं की इस अवसर परीक्षा के लिए 30 मई तक ऑनलाइन फॉर्म भरे जा सकेंगे। इसमें केवल सामान्य परीक्षा शुल्क देना होगा। खास बात यह है कि इस परीक्षा में वे सभी छात्र बैठ सकते हैं, जिन्होंने पहली मुख्य परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। नियमित छात्र अपने स्कूल जाकर सीधे आवेदन कर सकते हैं। इसमें 10वीं के 1,995, 12वीं के 26,772 छात्र जो एक या दो विषयों में अनुत्तीर्ण हैं, उनके साथ कम नंबरों से पास 10वीं के 388 थर्ड डिवीजन, 10317 सेकंड डिवीजन छात्र अपना रिजल्ट सुधारने के लिए फिर से परीक्षा दे सकते हैं। यह परीक्षा न केवल छात्रों का साल खराब होने से बचाएगी, बल्कि उन्हें अपनी श्रेणी सुधारने का भी मौका देगी। इससे विद्यार्थियों को रिजल्ट सुधारने के लिए मौका मिल पाएगा।

### सुकमा के पुसगुड़ा गांव के 106 घरों में पहली बार बिजली पहुंची

**सुकमा, 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के कोंटा विकासखंड अंतर्गत पुसगुड़ा गांव में वर्षों के लंबे इंतजार के बाद 106 घरों में पहली बार बिजली का कनेक्शन पहुंचा है। कच्चे रास्ते, ऊंची चढ़ाई और दलदली पगडंडियों के कारण पुसगुड़ा गांव का यह क्षेत्र दशकों तक मुख्यधारा से कटा रहा। सुकमा कलेक्टर अमित कुमार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पुसगुड़ा तक बिजली पहुंचाना प्रशासन की प्रतिबद्धता और जनहित के संकल्प की परीक्षा थी। यह केवल उजाला नहीं है, बल्कि बच्चों के भविष्य और गांव के आत्मविश्वास का नया सवेरा है। शासन की प्राथमिकता अंतिम छोर पर बसे हर गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है।

# शांतिपूर्ण माहौल में हुई राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर 4 मई ।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा शनिवार को कांकेर जिले के सभी सात विकासखंडों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा का आयोजन कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशन में किया गया। वहीं जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी के मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश कुमार निषाद एवं डीएमसी श्री नवनीत पटेल के दिशा-निर्देशन में संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

जिले के सभी परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा, अनुशासन तथा पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा गया। अधिकारियों द्वारा विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या शिकायत सामने नहीं आई, जिससे परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

जिला स्तर पर कुल 3886 विद्यार्थियों ने परीक्षा में शामिल होने के लिए अपना पंजीयन कराया था, जिनमें से 3600 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 286 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। अंतागढ़ विकासखण्ड में पंजीकृत 408 विद्यार्थी यह में से 381 विद्यार्थी उपस्थित एवं 27 अनुपस्थित , भानुप्रतापपुर : विकासखण्ड में दर्ज 631विद्यार्थी में से उपस्थित 583, उपस्थिति एवं 48 अनुपस्थित ,चारामा विकासखण्ड में पंजीकृत 705 विद्यार्थी में से 665 उपस्थित एवं 40 अनुपस्थित , दुर्गूकोंदल विकासखण्ड में दर्ज 516 विद्यार्थी में से 501 उपस्थित एवं 15 अनुपस्थित ,कांकेर विकासखण्ड में 484 विद्यार्थी में से 461 उपस्थित एवं 53 अनुपस्थित ,कोयलीबेड़ा : विकास खण्ड में दर्ज 428 विद्यार्थी में से 401 उपस्थित तथा 27 अनुपस्थित , नरहरपुर विकासखण्ड में पंजीकृत 714 विद्यार्थी में से 668 उपस्थित एवं 46 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

जिले में सर्वाधिक पंजीयन नरहरपुर विकासखंड में 714 विद्यार्थियों का रहा जबकि सर्वाधिक उपस्थिति भी यहीं 668 विद्यार्थियों की दर्ज की गई। वहीं दुर्गूकोंदल विकासखंड में अनुपस्थिति सबसे कम 15 विद्यार्थियों की रही। परीक्षा के सफल आयोजन पर जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सभी केंद्राध्यक्षों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं सहयोगी स्टाफको बधाई व देते हुए कहा कि छात्रवृत्ति परीक्षा प्रतिभाशाली एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे उन्हें आगे की पढ़ाई में आर्थिक सहायता मिलती है। शिक्षा विभाग ने परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद चयनित विद्यार्थियों को आगे की प्रक्रिया से अवगत कराने की बात कही है।

# बगिया से बस्तर' तक गूंजा सुशासन का स्वर जनता से सीधा संवाद बना विश्वास का आधार





**रायपुर,4 मई।** किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत जनता का विश्वास होता है। सरकारें योजनाएं बनाती हैं, बजट प्रस्तुत करती हैं और विकास के दावे करती हैं, लेकिन इन सबकी सार्थकता तभी सिद्ध होती है जब उनका लाभ आम नागरिक तक पहुंचे और लोग स्वयं अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन महसूस करें। छत्तीसगढ़ में इसी सोच को साकार करने के लिए 'सुशासन तिहार' जैसे अभिनव अभियान की शुरुआत की गई है।

1 मई से 10 जून तक चलने वाला यह 40 दिवसीय अभियान शासन को सीधे जनता के द्वार तक ले जाने का एक प्रभावी प्रयास है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी गांव-गांव और शहरों के वार्डों में पहुंचकर आमजन की समस्याएं सुन रहे हैं और उनका समाधान कर रहे हैं। खास बात यह है कि यह पहल केवल औपचारिक निरीक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि संवाद, सहभागिता और समाधान पर केंद्रित है।0 मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की इस अभियान में सक्रिय भागीदारी इसे और अधिक प्रभावशाली बनाती है। उनका विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर जमीनी हकीकत का आकलन करना और आम जनता से सीधा संवाद करना यह दर्शाता है कि नेतृत्व केवल नीतियां बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भी प्रतिबद्ध है। तेज गर्मी और प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच उनकी यह सक्रियता प्रशासनिक तंत्र के लिए भी एक प्रेरणा है।

'सुशासन तिहार' का मूल उद्देश्य शासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुख बनाना है। जब अधिकारी सीधे गांवों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनते हैं, तो न केवल वास्तविक स्थिति स्पष्ट होती है, बल्कि लोगों के भीतर यह विश्वास भी मजबूत होता है कि उनकी आवाज़ सुनी जा रही है। इस प्रकार की पहल प्रशासन में संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व दोनों को सुदृढ़ करती है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे 'लोगों की सुनें, उन्हें सुनाएं नहीं' की भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रशासनिक अधिकारियों का व्यवहार ही शासन की छवि तय करता है। इसलिए आमजन के साथ संवाद करते समय शालीनता, धैर्य और सम्मान अनिवार्य होना चाहिए। जब कोई नागरिक शासकीय कार्यालय पहुंचे, तो उसे यह अनुभव होना चाहिए कि उसकी बात गंभीरता से सुनी जा रही है।

प्रदेश में आयोजित समाधान शिविर इस अभियान की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जहां पंचायत और वार्ड स्तर पर लोगों से आवेदन लेकर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसमें जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है, जिससे शासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो रहा है।

हालांकि, इस पहल की वास्तविक सफलता उसके दीर्घकालिक प्रभाव और निरंतरता पर निर्भर करती है। निश्चित ही राज्य सरकार 'सुशासन तिहार' से प्राप्त अनुभवों के आधार पर प्रशासनिक व्यवस्था में स्थायी सुधार करेंगे और यह संवाद की यह प्रक्रिया भी लगातार जारी रहेगी। 'सुशासन तिहार' एक अभियान नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह इस बात का संकेत है कि यदि शासन और जनता के बीच विश्वास, संवाद और संवेदनशीलता बनी रहे, तो विकास की राह न केवल सशक्त होती है, बल्कि अधिक समावेशी बनेगी।

## अनियंत्रित मोटरसाइकिल दुर्घटना में पीडब्ल्यूडी कर्मचारी की हुई मौत



**सुकमा, 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के कोंटा के पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी सोयम श्रीनू की मोटरसाइकिल दूर्घटना में घटना स्थल पर ही मौके पर मौत हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कोंटा सीमावर्ती क्षेत्र विनयपुरम के पास आज रविवार सुबह 7:30 बजे बजे सड़क दुर्घटना में कोंटा पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी सोयम श्रीनू जो कटमगुडा के मूल निवासी हैं, कोंट पीडब्ल्यूडी विभाग में सहायक ऑपरेटर के रूप में पदस्थ कर्मचारी थे। बताया जा रहा है कि सोयम श्रीनू विनयपुरम से कोंटाआ रहे थे, इसी दौरान विनायपुरम मोड़ के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन एवं कोंटा पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा भिजवाया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद मृतक के परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा।

## कांकेर में आईईडी ब्लास्ट की घटना दुखद, नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ का दावा पूरी तरह झूठाःसुशील मौर्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 4 मई।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने माओवादियों द्वारा कांकेर जिले में लगाए गए आईईडी ब्लास्ट में चार जवान शहीद हो जाने की घटना पर उन्होने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। मैं शहीद चारो जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि ÷यह घटना स्पष्ट रूप से साबित करती है कि छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बताने वाले सरकार के दावे पूरी तरह झूठे और हवाई हैं। सुशील मौर्य ने कहा कि नक्सलवाद अभी भी बस्तर की धरती पर अपना साया बिखेर रहा है। सरकार को जनता को धोखा देने वाले बयानबाजी बंद करनी चाहिए और वास्तविक समाधान पर ध्यान देना चाहिए। उन्होने कहा कि पूरे बस्तर क्षेत्र में आईईडी और प्रेशर बम जैसी घातक बारूदी सुरंगों का जाल बिछा हुआ है। इनकी संख्या का अनुमान लगाना भी मुश्किल है। सरकार तुरंत इन खतरनाक बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय करने के लिए विशेष अभियान चलाए। ये बारूदी सुरंगें न केवल सुरक्षाबलों के लिए, बल्कि आम आदिवासियों और स्थानीय नागरिकों के लिए भी घातक हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि बस्तर में शांति स्थापना के लिए ठोस और समयबद्ध कार्ययोजना बनाई जाए। सुरक्षा बलों को आधुनिक उपकरण और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जावे। प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को तेज किया जाए ताकि स्थानीय जनजीवन सामान्य हो सके। सुशील मौर्य ने कहा कि बस्तर के लोग लंबे समय से नक्सलवाद की मार झेल रहे हैं। अब उन्हें शांति और सुरक्षा का अधिकार है। सरकार अपनी जिम्मेदारी से मुंह न मोड़े और बस्तर को नक्सल मुक्त बनाने के वास्तविक प्रयास करे।

# नारायणपुर पुलिस लाइन में बलिदानी चार जवानों को सम्मान से दी गई अंतिम सलामी



**नारायणपुर, 4 मई।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के छोटे बेठिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कांकेर और नारायणपुर जिले की सीमा पर हुए एक दर्दनाक आईईडी विस्फोट में 3 डीआरजी जवान एवं एक बस्तर फाइटर का जवान बलीदान हो गए थे। आज रविवार को नारायणपुर पुलिस लाइन में बलीदानी चार जवानों को पूरे सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. सहित पुलिस अधिकारी की मौजूदगी में आज जवानों के पार्थिव शरीर को उनके गृहग्राम रवाना किया गया। फिलहाल धमाके के सही कारण का पता लगाने के लिए बैलिस्टिक और फोरेंसिक जांच की जा रही है। रविवार को जब बलीदानी जवानों के पार्थिव शरीर नारायणपुर पुलिस लाइन लाए गए, तो माहौल गमगीन हो गया। तिरंगे में लिपटे वीर जवानों को अंतिम सलामी दी गई। अंतिम श्रद्धांजलि के बाद बलिदानियों के पार्थिव शरीर उनके गृह ग्रामों के लिए रवाना किए गए, जहां पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। गौरतलब यह है कि छत्तीसगढ़ में 31 मार्च को नक्सलवाद की समाप्ति की घोषणा के बाद बारूदी सुरंग विस्फोट में जवानों की मौत की यह पहली घटना है। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों, खासकर बस्तर क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों ने पूर्व में बड़ी संख्या में बारूदी सुरंगें बिछाई थीं, जो अब भी वहां तैनात सुरक्षाबलों और ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। शनिवार को डीआरजी की एक टीम नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी का पता लगाने और बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय करने का अभियान चला रही थी, इसी ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट हो गया। इस विस्फोट की चपेट में आने से चार जवान बलीदान हो गए थे। इस घटना में दल का नेतृत्व कर रहे डीआरजी के निरीक्षक सुखराम वट्टी, जिला बल के आरक्षक कृष्णा कुमार कोमरा एवं आरक्षक संजय गढ़पाले ने मौके पर ही बलीदान हो गये, वहीं बस्तर फाइटर्स के एक आरक्षक परमानंद कोर्राम ने इलाज के दौरान बलीदान हो गये।

### शिवानंद आश्रम में 35 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ

**जगदलपुर,4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिला मुख्यालय में घाटपदमुर स्थित शिवानंद आश्रम में सामूहिक कन्या विवाह समारोह सादगी और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आज रविवार को संपन्न किया गया, जिसमें 35 जोड़ों ने वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की। कार्यक्रम में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल उपस्थित रहे और उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी नवविवाहित जोड़ों को आवश्यक गृहस्थी सामग्री एवं उपहार भेंट किए गए, जिससे वे अपने नए जीवन की शुरुआत सुगमता से कर सकें। सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन सादगी और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। विवाह की सभी रस्में विधिवत ढंग से संपन्न कराई गईं। विधायक विनायक गोयल ने स्वयं दूल्हा-दुल्हनों को तेल-हल्दी चढ़ाकर इस पावन अवसर में भागीदारी निभाई।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 181 नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 4 मई।** मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत धरमपुरा स्थित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आज रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 181 नागरिकों का स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर में टीबी संक्रमण की तत्काल पहचान की गई। स्वास्थ्य टीम ने गंभीर मामले वाले 96 मरीजों का मौके पर ही पोर्टेबल मशीन से एक्स-रे परीक्षण किया। विशेषज्ञ सेवाओं के तहत अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश ध्रुव और फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. रेखा चौहान ने हड्डियों और जोड़ों के दर्द से परेशान 43 मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श और इलाज दिया। इसके अलावा सामान्य स्वास्थ्य जांच के तहत 161 लैब टेस्ट किए गए, जबकि 69 लोगों का ब्लड प्रेशर और 47 लोगों का शुगर लेवल जांचा गया। शिविर में ओरल हेल्थ पर भी विशेष ध्यान दिया गया, 110 लोगों की दांतों की जांच कर उन्हें स्वच्छता और सही देखभाल के बारे में जानकारी दी गई। वहीं, नेत्र विभाग की टीम ने 65 लोगों की आंखों की जांच की, जिसमें मोतियाबिंद के 10 नए मरीज चिन्हित किए गए। सभी को बेहतर इलाज और सर्जरी के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इस पूरे आयोजन में डॉ. लक्ष्मी, डॉ. शमीम, नेत्र विभाग की टीम, शहरी स्वास्थ्य मितानिनों, मितानिन प्रशिक्षकों और स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों मौजूद रहे। कलेक्टर आकाश छिकारा ने इस अभियान की मॉनिटरिंग की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाना ही लक्ष्य है।

# पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग की अभिनव पहल: लघु शोध प्रबंध लेखन से होगा आंचलिक साहित्य संवर्धन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर 4 मई।** नई शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत कांकेर स्थित शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग ने शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम एम.ए. हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में ÷लघु शोध प्रबंध लेखन÷ का क्रियान्वयन कर विद्यार्थियों को शोध, लेखन और आंचलिक साहित्य से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशा-निर्देशों और शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर (जगदलपुर) के मार्गदर्शन में यह पहल लागू की गई है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें अपने आसपास के साहित्य, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों से परिचित कराना है। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. नवरतन साव ने बताया कि इस वर्ष कुल 120 छात्र-छात्राएं इस योजना के तहत पंजीकृत हैं। इन्हें चार समूहों में विभाजित कर प्राध्यापक प्रो. विजय प्रकाश साहू, डॉ. सीमा परिहार और डॉ. माहेनूर सैयदा के मार्गदर्शन में शोध कार्य कराया जा रहा है।

इस पहल की खास बात यह है कि विद्यार्थी बस्तर अंचल सहित प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकारों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर लघु शोध प्रबंध तैयार कर रहे हैं। इनमें से अधिकांश विद्यार्थियों द्वारा अपने लघु शोध प्रबंध लेखन के लिए आंचलिक साहित्यकारों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को वरियता देते हुए आंचलिक साहित्य को संरक्षित एवं संवर्धित करने का प्रयास किया जा रहा है । इनमें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित डॉ. विनोद कुमार शुक्ल, गजानन माधव मुक्तिबोध, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी, पं. माधव राव सप्रे, पं.लोचनप्रसाद पाण्डेय, हरिशंकर परसाई, श्रीकांत वर्मा, लाला जगदलपुरी, हबीब तनवीर, डॉ विभु कुमार, नारायण लाल परमार, त्रिभुवन पांडेय, गुलशेर खां 'शानी', महेरुन्निसा परवेज़, जया जादवानी, जयंत कुमार थोरात, आलोक कुमार सातपुते, यशवंत साहू, डुमन लाल ध्रुव, कन्हैयालाल साहू जैसे प्रतिष्ठित साहित्यकारों के साथ-साथ बस्तर और कांकेर क्षेत्र के कई स्थानीय रचनाकार भी शामिल हैं।

छात्र-छात्राएं स्थानीय साहित्यकारों की प्रकाशित कृतियों का अध्ययन कर उनके साहित्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं को सामने ला रहे हैं। इससे क्षेत्रीय साहित्य को नई पहचान मिलने के साथ ही अंचल की संस्कृति, परंपराएं और यहां की समस्याएं भी शोध के माध्यम से उजागर हो रही हैं। कांकेर नगर और बस्तर अंचल के साहित्यकारों-जैसे बहादुर लाल तिवारी, सुरेशचंद्र श्रीवास्तव, डॉ. स्वामी राम बंजारे, शिवसिंह भदौरिया, मीरा आर्ची, विद्या वाचस्पति संतोष श्रीवास्तव ÷सम÷ अनिल कुमार मौर्य, सेवक राम निषाद, राखी कोर्राम, आत्माराम साहू सहित बस्तर अंचल के हरिहर वैष्णव, के.एल. श्रीवास्तव, उर्मिला आचार्य आदि रचनाकारों-की कृतियों पर भी शोध किया जा रहा है।

प्रख्यात साहित्यकार सुरेश चंद्र श्रीवास्तव ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय द्वारा स्थानीय रचनाकारों पर शोध को प्रोत्साहित करना सराहनीय कदम है। इससे विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र की साहित्यिक परंपरा को समझने में मदद मिलेगी और वे भविष्य में स्थानीय मुद्दों को अधिक गहराई से विश्लेषित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रयास न केवल विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में सहायक होगा, बल्कि आंचलिक साहित्य के संरक्षण और संवर्धन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# चोरी के पानी, चोरी की बिजली से लहलहा रही रबी फसल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,4 मई।** इस वर्ष भी रबी सीजन में किसानों के बीच लाभ की उम्मीदें तो हैं, लेकिन इस लाभ के पीछे की काली सच्चाई कुछ और ही है। अवैध रूप से नदी के पानी को खिंचकर सिंचाई करना और चोरी की बिजली से रबी फसल को सींचना अब आम बात हो गई है। पैरी नदी जो कभी एक प्राकृतिक स्रोत थी, अब सैकड़ों ट्यूबवेलों और अवैध सिंचाई साधनों के जरिए भारी मात्रा में दोहन का शिकार हो रही है।

अधिकारियों की लापरवाही और मिलीभगत के कारण यह काले खेल की रफ्तार बढ़ती जा रही है। इस बारे में कुछ किसानों से चर्चा किया गया तो उन्होंने इन दोनों विभाग से परमिशन लेने की बात कही पर जब लिखित में कुछ है क्या पूछने पर भाग खड़े हुए। वहीं इस अवैध सिंचाई का खामियाजा गांव के आम उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है, जिनके पास नियमित बिजली कनेक्शन हैं। बिजली की कटौती और वोल्टेज डाउन की समस्याएं लगातार बढ़ रही



हैं तो वहीं वाटर लेवल भी तेजी के साथ नीचे जा रहें हैं नदी नाला भी सुखने लगे हैं, जिससे आम लोग परेशान हैं। इस अवैध खेल में सिंचाई विभाग और बिजली विभाग दोनों की मिलीभगत से लाभ उठाने वाले किसान हर साल अपनी फसल के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहे हैं।

### जल संसाधन विभाग की उदासीनता

जल संसाधन विभाग ने भी इस मामले पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने यह दावा किया है कि किसी को भी नदी से रबी फसल लेने की अनुमति नहीं दी गई है, लेकिन फिर भी इस तरह की अवैध गतिविधियां जारी हैं। इस अनदेखी से सवाल उठता है कि क्या विभाग अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है या फिर जानबूझकर आंखें मूंदे हुए हैं।

### प्राकृतिक स्रोतों की अंधाधुंध लूट

सिर्फ सिंचाई ही नहीं, यह पूरा खेल पर्यावरणीय संकट को भी जन्म दे रहा है। नदी और जलाशयों के प्राकृतिक स्रोतों का दोहन न केवल इनकी अस्तित्व को खतरे में डाल रहा है, बल्कि यह क्षेत्रीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी प्रभावित कर रहा है। इस प्रकार की अवैध गतिविधियों से स्थानीय जल स्रोतों की स्थिति बिगड़ रही है और साथ ही प्राकृतिक संसाधनों की कमी भी महसूस हो रही है। हमने किसी को नदी से रबी फसल लेने की अनुमति नहीं दी है। अगर उन लोग फसल लगाए हैं, तो बिजली विभाग इनको कैसे उनको कनेक्शन दे सकते हैं। मैं पिछले साल से विद्युत विभाग को लेटर लिखा हूं हमारे एनओसी। बैगेर कनेक्शन नहीं दे

**एमके पेंडोरिया, एसडीओ, जल संसाधन विभाग**

हमने नदी में ट्यूब वेल बोर के नाम से किसी को कनेक्शन नहीं दिया है। अगर किसी ने टीपी कनेक्शन लिया होगा उसकी जानकारी निकालनी पड़ेगी।

**राहुल दुर्गम, कनिष्ठ यंत्री पांडुकाके**

## ग्राम बहादुरपुर के 96 घरों में नल से पहुंच रहा शुद्ध पेयजल

**महासमुंद 4 मई।** ग्रीष्म ऋतु में गांवों में जहां जल की समस्या गंभीर हो जाती है, वहीं जिले के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत ढोढरकसा का ग्राम बहादुरपुर में भीषण गर्मी के दौरान हर घर जल योजना के सफल क्रियान्वयन से गांव के सभी 96 घरों में पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति हो रही है।योजना के तहत लगभग 56.40 लाख रुपये की लागत से 40 किलोलीटर क्षमता का उच्च स्तरीय जलाशय (ओवरहेड टैंक) निर्मित किया गया है। साथ ही लगभग 2055 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाकर प्रत्येक घर तक जल पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। गांव के सरपंच एवं के सक्रिय नेतृत्व एवं सहयोग से यह कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। योजना के सुचारू संचालन एवं रखरखाव के लिए ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति का गठन किया गया है।

# हुक्का पीते,पिलाते 6 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 मई।** भिलाई चरोदा में विजय शांति हाईट्स के फ्लैट में अवैध रूप से हुक्का बार का संचालन हो रहा था पुरानी भिलाई थाने पुलिस की छापेमार कार्रवाई में यहां से हुक्का पीते और पिलाते हुए 6 आरोपी दबोचे गए हैं। पुलिस ने तीन नग हुक्का पॉट, दो नग हुक्का बर्नर, एक हुक्का चार्जर, प्रत्येक में 50 नग वाला पांच पैकेट प्लास्टिक पाइप, 17 पैकेट हुक्का फ्लेवर अफजल एक डिब्बा हुक्का फ्लेवर अल्लादीन और एक पैकेट सिल्वर कॉइल पेपर जप्त किया है नशे के खिलाफ लगातार जारी पुलिस की कार्यवाही में मुखबिर की सूचना पर विजय शांति हाईट्स चरोदा स्थित फ्लैट में रेड कार्यवाही कर अवैध हुक्का बार संचालन का खुलासा किया गया है। मौके पर 06 आरोपी हुक्का पीते एवं पिलाते पाए गए, सभी को विधिवत गिरफ्तार किया गया आरोपियों में उज्जवल जैन ( 23 साल ) निवासी जैन मंदिर रोड, भिलाई-3, हर्ष जैन ( 26 साल ) निवासी जैन मंदिर रोड, सुभाष चौक, भिलाई-3, रौनक जैन ( 27 साल ) निवासी सी 2/503 महावीर लेक व्यू, गंजपारा दुर्ग, हिमांशु वर्मा ( 28 साल ) निवासी वार्ड क्रमांक 27, मकान नंबर 36, पोलसाय पारा दुर्ग, उज्जवल चतुर्वेदी, ( 28 साल ) निवासी मकान नंबर 38, सुभाष नगर दुर्ग और आयुष सिंह, ( 27 साल ) निवासी एमआईजी 1/57, हुडको भिलाई शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान हुक्का पॉट, फ्लेवर एवं अन्य उपकरण सहित कुल 13,215 रुपये की सामग्री जप्त की गई है पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि विजय शांति हाईट्स चरोदा स्थित एक फ्लैट में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से हुक्का पिलाने एवं पीने का कार्य किया जा रहा है। सूचना की तस्दीक पर थाना पुरानी भिलाई पुलिस टीम द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर फ्लैट नंबर 23 में रेड कार्यवाही की गई रेड कार्यवाही के दौरान मौके पर 06 व्यक्ति अवैध रूप से हुक्का का सेवन करते पाए गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया आरोपियों का कृत्य सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य उत्पादन प्रदाय एवं वितरण का विनियम) अधिनियम 2003 की धारा 4(क), 21(क) के अंतर्गत अपराध पाए जाने पर अपराध कायम कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया

## एक नजर

### छुरा-राजिम मार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक की मौत



**राजिम, 4 मई (तछसं.)।** जिले के छुरा-राजिम मार्ग पर सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। हादसा पीएचई विभाग के वाहन और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर से हुआ बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्तियां निवासी चोवाराम पटेल अपने बेटे भरत पटेल के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान मार्ग पर पीएचई विभाग के वाहन और एक ट्रक के बीच स्थिति बिगड़ गई, जिसकी चपेट में मोटरसाइकिल आ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चोवाराम पटेल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।हादसे में उनका बेटा भरत पटेल घायल हो गया, जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया गया।फिलहाल हादसे के स्पष्ट कारण सामने नहीं आए हैं। पुलिस पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच कर रही है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि लापरवाही किसकी थी।इस दर्दनाक हादसे ने एक परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### टीएस सिंहदेव ने भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली की आलोचना की

**रायगढ़, 4 मई।** पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव बाबा साहब ने रायगढ़ प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत में राज्य की भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने सरकार पर आत्ममुग्धता का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान शासन जन अपेक्षाओं के विपरीत काम कर रहा है टीएस सिंहदेव ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को भाजपा सरकार ने कमजोर कर दिया है। उनके अनुसार,कांग्रेस शासनकाल में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक आदर्श रुपरेखा लागू की गई थी,लेकिन वर्तमान सरकार ने स्कूली शिक्षा की स्थिति को प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी स्तर तक बदतर बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षकों के सेटअप से लेकर संसाधनों की उपलब्धता तक हर स्तर पर सरकार विफल रही है,जिसके कारण अभिभावक मजबूरी में अपने बच्चों को महंगे निजी स्कूलों में पढ़ाने को विवश हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री के घोषणा के बावजूद शिक्षकों की भर्ती ना हो सकी। इसी तरह स्वास्थ्य सेवाओं पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि रायपुर,बिलासपुर और अंबिकापुर में 700-700 बेड के अस्पतालों का प्रस्ताव स्वीकृत होने के बावजूद अब तक काम शुरू होना तो दूर अभी तक टेंडर नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि आयुष्मान जैसी योजनाओं के बावजूद लोगों को मुफ्त इलाज नहीं मिल पा रहा और कार्ड होने के बावजूद मरीजों को जेब से पैसे खर्च करना पड़ रहा है।

### कलेक्टर ने कहा-बेटियों ने बढ़ाया जिले का मान

**महासमुंद, 4 मई ।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2026 के परिणाम में महासमुंद जिले की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया है। कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में जिले की 8 छात्राओं तथा कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 4 छात्राओं ने प्रदेश की टॉप-टेन सूची में स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज छात्राओं और उनके पालको को सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने छात्राओं को गुलाब पुष्प, शॉल एवं स्मृति शील्ड भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही छात्राओं के अभिभावकों का भी सम्मान कर उनकी सकारात्मक भूमिका की प्रशंसा की।कलेक्टर श्री लंगेह ने छात्राओं से आत्मीय बातचीत करते हुए कहा कि यह सफलता आपकी प्रतिभा, अनुशासन, कठिन परिश्रम और सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा ही जीवन में आगे बढ़ने का सबसे सशक्त माध्यम है। छात्राओं की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, विद्यालय और शिक्षकों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणादायक है।

# स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ वेलनेस को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता:स्वास्थ्य मंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 मई ।** शासन द्वारा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी ने नवीन फिजियोथेरेपी महाविद्यालय भवन, 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) अस्पताल के लिए स्टाफ क्वार्टर तथा 10 बिस्तरीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र भवन के निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। भूमिपूजन किए गए निर्माण कार्यों




में फिजियोथेरेपी महाविद्यालय भवन हेतु 1393.71 लाख रुपये, 100 बिस्तर एमसीएच अस्पताल के लिए स्टाफ क्वार्टर निर्माण हेतु 393.79 लाख रुपये तथा 10 बिस्तरीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र हेतु 280.57 लाख रुपये की स्वीकृति शामिल है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा एवं वेलनेस को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज रायगढ़ में जिन परियोजनाओं का भूमिपूजन किया गया है, वे आने वाले समय में पूरे क्षेत्र के स्वास्थ्य तंत्र को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में फिजियोथेरेपी कॉलेजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, जिससे पैरामेडिकल शिक्षा को बढ़ावा मिला है। उन्होंने योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह केवल उपचार पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने का संपूर्ण विज्ञान है। आने वाले समय में इसे बड़े स्तर पर विकसित किया जाएगा, ताकि लोग दवाओं पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक तरीके से स्वस्थ रह सकें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में लगातार नए मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज तथा विशेष चिकित्सा इकाइयों की स्थापना की जा रही है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों तक विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। शासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक नागरिक को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो।

# वित्त मंत्री ने वार्ड-6 में 50 लाख से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया



**रायगढ़, 4 मई।** वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 6 में अधोसंरचना मद से निर्मित 50 लाख रुपए की लागत वाले सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने वार्डवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह भवन क्षेत्र के लोगों के लिए सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि रायगढ़ की जनता ने उन्हें जो अपार विश्वास और आशीर्वाद दिया है, उसे विकास कार्यों के माध्यम से लौटाना उनका नैतिक दायित्व है।

वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि शहर में अधोसंरचना एवं जनसुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। रायगढ़ में कला महाविद्यालय, उद्यानिकी महाविद्यालय, फिजियोथेरेपी महाविद्यालय, प्रयास विद्यालय, स्विमिंग पूल, शहर के विभिन्न स्थानों पर ऑक्सीजोन, सड़कों एवं पुल-पुलियों का निर्माण तथा गजमार पहाड़ी और बाल समुंद तालाब का सौंदर्यीकरण जैसे अनेक कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। विभिन्न वार्डों में सीसी रोड, आरसीसी नाली एवं बीटी सड़कों का निर्माण भी प्रगति पर है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि राज्य में बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं विकसित करने के लिए प्रदेश के 22 स्थानों पर नालंदा परिसर स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें रायगढ़ का नालंदा परिसर लगभग 40 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहा है। इसके साथ ही बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नव गुरुकुल संचालित किया जा रहा है, जिससे उन्हें प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण मिल सके। उन्होंने कहा कि रायगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए शासन, प्रशासन और नागरिकों को मिलकर निरंतर प्रयास करना होगा। इस अवसर पर नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्री लाल साहू, श्री गुरूपाल भल्ला, श्री श्रीकांत सोमावार, श्री सुरेश गोयल, श्री विकास केडिया, श्रीमती पूनम सोलंकी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# गरियाबंद में उपमुख्यमंत्री साव ने दी 8 करोड़ 15 लाख की सौगात

**राजिम, 4 मई ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने रविवार को गरियाबंद नगर पालिका क्षेत्र में 44 विकास कार्यों का भूमिपूजन कर नगरवासियों को 8 करोड़ 15 लाख 98 हजार रुपए की सौगात दी। नगर पहुंचते ही नगर पालिका परिषद के नेतृत्व में आतिशबाजी, गजमाला और जयघोष के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया।

नगर पालिका परिषद गरियाबंद में जिन 44 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया, उनमें सबसे बड़ी नालंदा परिसर निर्माण की है, जिस पर 4 करोड़ 41 लाख 49 हजार रुपए खर्च होंगे। इसके अलावा अधोसंरचना मद के तहत सीसी सड़क, नाली एवं शेड निर्माण के 30 कार्यों के लिए 2 करोड़ 91 लाख 32 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वहीं 15वें वित्त मद से 13 सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों पर 83 लाख 17 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। इन विकास कार्यों से नगर की बुनियादी सुविधाएं मजबूत होंगी और नागरिकों को बेहतर सड़क व



जल निकासी व्यवस्था का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि आज का दिन गरियाबंद के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि 4 करोड़ से अधिक की लागत से बनने वाला नालंदा परिसर और कुल 8 करोड़ 15 लाख रुपए के विकास कार्य नगर के विकास की दिशा तय करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों की आधुनिक पढ़ाई के लिए सेंट्रल लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी, वहीं सीसी सड़क, नाली और अन्य अधोसंरचना कार्यों से शहर को नई पहचान मिलेगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में गरियाबंद नगर के लिए 22 करोड़ 79 लाख रुपए के विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। यह स्वीकृतियां बताती हैं कि सरकार शहर को किस तरह विकास की दिशा में आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है, ताकि शहर स्वच्छ, व्यवस्थित और सुविधाजनक बन सके। उन्होंने नागरिकों से शहर को स्वच्छ रखने की अपील करते हुए कहा कि नाली और सड़कों में कचरा नहीं फेंकें। बाहर से आने वाले लोग सबसे पहले शहर की व्यवस्था और स्वच्छता देखते हैं, इसलिए गरियाबंद को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शहर में बुजुर्गों के लिए गार्डन, बच्चों के लिए खेल मैदान और नागरिकों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए।इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि हमारी सरकार ने गरियाबंद को ग्राम पंचायत से नगर पालिका और फिर जिला बनने तक विकास की नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार बनने पर चौमुखी विकास होता है और आज 8 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन इसका प्रमाण है। विधायक साहू ने नालंदा परिसर की तर्ज पर बनने वाली सेंट्रल लाइब्रेरी के लिए उपमुख्यमंत्री का आभार जताया और नगर में ऑडिटोरियम निर्माण की मांग दोहराई।

# बैठक में मरीजों की सुविधा और स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन का महत्वपूर्ण निर्णय

**रायगढ़, 4 मई ।** स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ में आज छत्तीसगढ़ आरोग्य चिकित्सा शिक्षण एवं अनुसंधान समिति की साधारण सभा (स्वशासी समिति) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की। बैठक में वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्री दीपक महस्के, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल, महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्री लाल साहू, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त श्री रितेश अग्रवाल, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे, अधिष्ठाता डॉ. संतोष कुमार, संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. दुर्गा शंकर पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत सहित चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की विस्तार से समीक्षा की गई तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावीन एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं के विस्तार, गुणवत्ता सुधार और अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। मरीजों को उन्नत एवं त्वरित जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रंगीन डॉप्लर, स्तन जांच मशीन (मेमोग्राफी), जोड़ दूरबीन जांच (आर्थ्रोस्कोपी), प्रतिरक्षा ऊतक रसायन जांच, हार्मोन जांच तथा एमआरआई मशीन की खरीदी को स्वीकृति प्रदान की गई। इन सुविधाओं के शुरू होने से मरीजों को उच्च स्तरीय जांच सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी और उपचार की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

बैठक में अस्पताल परिसर में जनऔषधि केंद्र के साथ अमृत औषधि केंद्र प्रारंभ करने तथा मरीजों एवं परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चौबीसों घंटे कैंटीन संचालन की स्वीकृति दी गई। साथ ही शहर से मेडिकल कॉलेज तक आवागमन को सुगम बनाने के लिए सिटी बस सेवा प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए, जिससे दूर-दराज से आने वाले मरीजों को सुविधा मिल सके। स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के लिए चिकित्सा उपकरणों के वार्षिक रखरखाव अनुबंध एवं समग्र रखरखाव अनुबंध को स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही चिकित्सालय में आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वार्ड बॉय, स्टाफ नर्स सहित विभिन्न पदों पर भर्ती के संबंध में भी निर्णय लिए गए।

## गैस की कीमत बढ़ जाने से जनता एवं होटल संचालकों की बढ़ी परेशानी:लेख राम साहू

**अंवरी,4 मई।** कुरूद के पूर्व विधायक लेख राम साहू ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने गैस की कीमतों में भारी वृद्धि करने से जनता एवं होटल संचालकों में चिंता की लकीर साफ-साफ दिखाई दे रही है भीषण गर्मी से जनता परेशान पहले से है अचानक गैस की कीमत बढ़ जाने से अब लोगों को नाश्ता में समोसा बड़ा कचौड़ी खाना भी महंगा पड़ सकता है लेख राम साहू ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 993 रुपया की वृद्धि कर दी गई है इसका सीधा असर लोगों की जेब पर पड़ेगा गैस की बड़ी कीमत का पहला झटका नाश्ते के रूप में पड़ेगा धमतरी होटल व्यवसाय संघ ने 6 मई से नाश्ते के रेट में ?5 वृद्धि के साथ ?35 प्रति प्लेट नाश्ता करने जा रही है अब संघ से जुड़े होटल में मूंग बड़ा कचौड़ी समोसा आलू गुंडा आदि नाश्ता ?35 प्लेट पर मिलेगाईरान और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध का वैश्विक असर देखने को मिल रहा है दो महीने बाद भी कामर्शियल सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति बहाल नहीं हुई है एक मई से 19 किलोग्राम कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 993 रुपया भारी वृद्धि हुई है

# वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने लैपटॉप व 25 हजार रुपए देकर मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 मई ।** वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश के टॉप-10 में स्थान प्राप्त करने वाले रायगढ़ जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। रायगढ़ स्थित उनके कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें लैपटॉप, मार्गदर्शिका पुस्तक एवं 25,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की, ताकि उनकी उच्च शिक्षा में सहयोग मिल सके।

इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा में टॉप करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन यह केवल एक शुरुआत है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में विद्यार्थियों को आईसीएसई एवं सीबीएसई जैसे अन्य बोर्डों के छात्रों के साथ भी प्रतिस्पर्धा करनी होती है, इसलिए निरंतर अध्ययन, अनुशासन, समय प्रबंधन और लक्ष्य के प्रति स्पष्टता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे इस उपलब्धि को प्रेरणा बनाकर आगे भी ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़े तथा अपने ज्ञान और कौशल का निरंतर विकास करते रहें।गौरतलब है कि रायगढ़ जिले के कुल 8 विद्यार्थियों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाकर जिले का गौरव बढ़ाया है। कक्षा 12वीं में कृष महंत (97.80 प्रतिशत, तृतीय स्थान), लोकनाथ मेहर (97.20 प्रतिशत, छठवां स्थान), शीतल साहू (96.80 प्रतिशत, आठवां स्थान), बबीता पटेल एवं लिसिका वर्मा (96.60 प्रतिशत, संयुक्त नौवां स्थान) तथा अंजली झा (96.40 प्रतिशत, दसवां स्थान) शामिल हैं। वहीं कक्षा 10वीं में गिरिजा प्रधान (98.33 प्रतिशत, पांचवां स्थान) एवं अहसान अली (97.83 प्रतिशत, आठवां स्थान) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास को दिया। सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम कर यह उपलब्धि हासिल करने वाले ये विद्यार्थी अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

### अन्य मेधावी विद्यार्थियों को भी किया गया सम्मानित



कार्यक्रम में वित्त मंत्री श्री चौधरी ने स्नेहा पांडा और निकिता दास को भी सम्मानित किया। स्नेहा पांडा ने सीबीएसई परीक्षा में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि निकिता दास नेएमएससी गणित में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 79.94 प्रतिशत के साथ मेरिट सूची में छठवां स्थान हासिल किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.व्ही.राव सहित शिक्षा विभाग के अधिकारीगण, संबंधित शाला के प्राचार्य एवं व्याख्याता और विद्यार्थियों के पालकगण उपस्थित थे।

## महासमुंद जिले में मकान सूचीकरण एवं भवन गणना कार्य प्रगति पर

**महासमुंद,4 मई ।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं भवन गणना का कार्य जिले में 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में सतत निगरानी एवं निरीक्षण किया जा रहा है।इसी क्रम में अपर कलेक्टर श्री सचिन भुतड़ा द्वारा जिले के विभिन्न चार्जों का दौरा कर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया गया तथा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जनगणना निदेशालय से सहायक संचालक श्री मनोज कुमार महिलांगे एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी श्री संजय कुमार साहू द्वारा भी जिले के सभी चार्जों का भ्रमण कर प्रगणकों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहायता प्रदान की।

एक नजर

### कलेक्टर ने आधी रात को जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**राजनांदगांव 4 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने बीती रात जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। देर रात पहुंचे कलेक्टर ने अस्पताल में उपलब्ध व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, मरीजों को मिल रही सुविधाओं एवं ड्यूटी पर तैनात स्टाफकी उपस्थिति की जांच की। कलेक्टर ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, वार्डों एवं दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर उपचार एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को समय पर उपचार एवं आवश्यक दवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए और अस्पताल में व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखें। कलेक्टर ने कहा कि जिला अस्पताल में आम जनता को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

### एस्टोटर्फ रिप्लेसमेंट कार्य के लिए निविदा आमंत्रित

**राजनांदगांव 4 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजनांदगांव जिले में निर्मित अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एस्टोटर्फ रिप्लेसमेंट कार्य के लिए 604.72 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्य हेतु सम्पूर्ण कार्रवाई पूर्ण कर निविदा आमंत्रित की गई है।

### परविंदर मोंटी और सोनकुमार सिन्हा का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया



**डोंगरगढ़ 4 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व प्रेस दिवस के अवसर पर सोनल सिन्हा एवं परविंदर एस. मोंटी के जन्मदिन पर डोंगरगढ़ के भाजपाइयों ने बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाते हुए आत्मीय वातावरण में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हरविंदर एस मंगे, प्रकाश बिंदल, महेंद्र अग्रवाल, विजेंद्र सिंह ठाकुर, प्रिंस कक्कड़, गिरीश साहू, अखिलेश गढ़वाल, दिनेश निषाद, वीरू साहू, विक्की भाटिया, मयंक डोंगरेकी गरिमामयी उपस्थिति में जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखमय जीवन, उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### शासकीय मा.शाला का परीक्षा परिणाम घोषित



**भखारा 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय माध्यमिक शाला का परीक्षा परिणाम शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष महत्तर राम साहू की उपस्थिति में घोषित किया गया। साहू ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। प्रधान पाठक श्रीमती उषा साहू, शिक्षक,अमजद खान, मोहित कुमार साहू, निकेश कुमार साहू, रुद्र प्रकाश पुरी आदि मौजूद थे। इसी तरह शासकीय नवीन प्राथमिक शाला के नतीजे प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीमती शीतल देशलहरे एवं वरिष्ठ पत्रकार मेहतर राम साहू की उपस्थिति में घोषित किए गए। इस अवसर पर प्रधान पाठक सेतू गंगेश ध्रुव व सहायक शिक्षक तरूण कुमार तारक मौजूद थे।

# नगर में राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा का जोशीला स्वागत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा 4 मई।** निर्वाचित राज्यसभा सांसद दीदी लक्ष्मी वर्मा के शपथ ग्रहण के बाद उनके प्रथम आगमन पर तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। स्वागत कार्यक्रम की शुरुआत चिचोली ग्राम से हुई, जहाँ कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इसके पश्चात स्वागत रैली विभिन्न मार्गों से होती हुई तिल्दा के प्रमुख स्थल गांधी चौक पहुँची, जहाँ एक सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित जनसमूह ने लक्ष्मी वर्मा को उनके नए दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में खरोरा मंडल और बंगोली मंडल के अनेक कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि लक्ष्मी वर्मा अपने अनुभव और जनसेवा की भावना के साथ क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी जैन के नेतृत्व में अग्रसेन चौक पर राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे और उन्होंने पुष्पमालाओं व उत्साहपूर्ण नारों के साथ उनका अभिनंदन किया।

नगर के विभिन्न स्थानों पर भी स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. पेकरा के निवास सहित पंडित दीनदयाल चौक, स्टेशन चौक, सिंधी कैंप और पंजवानी निवास पर भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। हर स्थान पर स्थानीय नागरिकों और समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और नागरिकों में विशेष उत्साह नजर आया। स्वागत रैली में रायपुर जिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा स्थानीय बीजेपी नेता राम पंजवानी दीपक शर्मा मनीष शर्मा सहित आस पास के सरपंच बीजेपी कार्यकर्ता जनपद सदस्य सहित भारी संख्या में समर्थक आए थे।

# भगवान गौतम बुद्ध के विचार एवं संदेश आज भी प्रासंगिक : उप मुख्यमंत्री साव

- उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने डोंगरगढ़ शहर को 5 करोड़ 20 लाख रूपए की दी सौगात
- माँ बम्लेश्वरी छिरपानी परिसर शेड डोंगरगढ़ में नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ के भूमि पूजन एवं बुद्ध पूर्णिमा समारोह में हुए शामिल
- नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ के विकास के लिए 2 करोड़ रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 4 मई ।** उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने माँ बम्लेश्वरी छिरपानी परिसर शेड डोंगरगढ़ में नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ के भूमि पूजन एवं बुद्ध पूर्णिमा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उप मुख्यमंत्री ने गौतम बुद्ध एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर मालार्पण किया तथा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी ने बुद्धम् शरणम् गच्छामि... श्लोक का वाचन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने डोंगरगढ़ शहर को 5 करोड़ 20 लाख रूपए की सौगात दी। उन्होंने 15वां वित्त आयोग मद अंतर्गत 1 करोड़ 94 लाख 88 हजार रूपए के राउसकला क्षेत्र में इंटेकवेल, पंप हाऊस एवं पंपिग निर्माण कार्य तथा 71 लाख 62 हजार रूपए की लागत से पनियाजोब क्षेत्र में संक्सन पीठ निर्माण व वीटी मोटर स्थापना कार्य और स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत 1 करोड़ 8 लाख 21 हजार रूपए की लागत से सूखे एवं गीले कचरे के प्रबंधन हेतु संयंत्रों की स्थापना तथा स्थापित संयंत्रों के उन्नयन व विकास कार्य का भूमि पूजन किया। इसके साथ ही उन्होंने नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ के विभिन्न वार्डों में अधोसंरचना मद 2025-26 अंतर्गत 1 करोड़ 45 लाख 45 हजार रूपए की लागत से 36 कार्यों का भूमि पूजन किया। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ के विकास के लिए 2 करोड़ रूपए स्वीकृत करने की घोषणा की।

उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने बुद्ध पूर्णिमा तथा डोंगरगढ़ में विकास कार्यों की सौगात के लिए सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध का अवतरण समाज को नई दिशा तथा मार्गदर्शन देने के लिए हुआ था। उनके विचार एवं संदेश आज भी दुनिया के लिए प्रासंगिक है। हमारा देश गौतम बुद्ध के दिखाए रास्ते पर चल रहा है। गौतम बुद्ध एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने जो राह दिखाई उसका अनुसरण प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने कहा है कि किसी भी समाज एवं देश की स्थिति का आंकलन करना हो तो महिलाओं की स्थिति से करना चाहिए। किसी भी घर को स्त्री और पुरूष मिलकर चलाते है। समाज एवं देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी जरूरी है। सरकार ने ढाई साल में मोदी की गारंटी को पूरा करने का कार्य किया है। चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना हो या धान खरीदी, किसानों का बोनस तथा महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के विकास के लिए कार्य करना हो सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। डोंगरगढ़ शहर को विकास कार्य के लिए अब तक 27.50 करोड़ रूपए प्रदान किए गए है। डोंगरगढ़ का माँ बम्लेश्वरी मंदिर आस्था एवं विश्वास का केन्द्र है। देश भर से दर्शनार्थी एवं श्रद्धालुगण यहां पहुंचते हैं। यहां सुविधाएं बढ़े इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने डोंगरगढ़ में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है। धाम के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा शहर स्वच्छ, सुंदर एवं सुविधापूर्ण बने इसके लिए सभी का योगदान होना चाहिए। डबल इंजन की सरकार विकास के लिए समर्पित है।

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि माँ बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके पहले 39 करोड़ रूपए की लागत से वाईस एण्ड ब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। 12.5 करोड़ रूपए की लागत से अमृत स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। प्रसाद योजना अंतर्गत 43 करोड़ रूपए की लागत से कैफेटेरिया, मेडिटेशन सेंटर, सोलर यंत्र, श्रीयंत्र सहित विभिन्न दर्शनीय स्थलों का निर्माण किया गया है। जिससे प्रज्ञागिरि एवं बौद्ध तीर्थ स्थल आने वालों की संख्या बढ़ी है। 180 करोड़ रूपए की लागत से राजनांदगांव-डोंगरगढ़ से गोंदिया तक फोर लेन सड़क का निर्माण किया गया है। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि डोंगरगढ़ में सरकार विकास के क्षेत्र में नया कदम लेकर आयी है। आने वाले समय में नगरीय क्षेत्र में और भी कार्य होंगे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमन डोंगरे, बौद्ध विहार के अध्यक्ष श्री मुन्ना लाल नंदेश्वर, पूर्व विधायक श्री विनोद खांडेकर, पूर्व विधायक श्री रामजी भारती ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में समाज सेवी श्री कोमल सिंह राजपूत, नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजगामी संपदा न्यास श्रीमती पूर्णिमा साहू, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के उपाध्यक्ष श्री अनील गट्टानी सहित ट्रस्ट समिति के अन्य पदाधिकारी, बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार 2026:दूसरे दिन 4 स्थानों पर शिविर का आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 मई।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं क़ी उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार 4 मई को ग्रामीण क्षेत्रों में 3 स्थान पर एवं एक नगरीय क्षेत्र में समाधान शिविर का आयोजन होग़ा।शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होग़ा ।

विकासखंड भाटापारा के ग्राम पंचायत मोपर में शिविर आयोजित होग़ा जिसमें ग्राम पंचायत टोनाटार, मल्दी, अमलीडीह, हसदा, खम्हरिया, नवागांव, टोपा,मोपर देवरानी,अमेठी, गोढ़ी (टी ),मीरगी, खैरी (आर ),तुरमा एवं गुर्रा के ग्रामीण शामिल होंगे। इसीतर विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत ससहा शिविर में सुन्दरी (स), गबौद, कोदवा, सकरी (स), फुण्डरडीह, रेगाडीह, मुसुवाडी, साराडीह, छेरकाडीह (स), खपरी (स), परसवानी, गाड़ाभांठा, जारा, सरसेनी, चुचरूंगपुर, गुमा, टीला, संकरी (प) ससहा एवं देवसुन्द्रा शामिल है। विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत डेराडीह शिविर में अमोदी, वैजनाथ, भदरा, छेछर, दर्रा (म) गिरौद, झबडी, कटगी, खैरा (क), कोट (रा), मडकडा, मडवा, मल्दा, मानाकोनी, मुडपार (म), साबर, सर्वा, सरवानी, सेल,डेराडीह एवं सिनोधा शामिल है।नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पंचायत पलारी के ठाकुर देव चौक में शिविर आयोजित होग़ा जिसमें वार्ड क्रमांक 1 से 8 शामिल होंगे।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर क़ी बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। शिविर स्थल पर आवेदन पंजीयन केन्द्र होग़ा।शिविर में जल संचयन की शपथ ली जाएगी। पारंपरिक वेशभूपा में छत्तीसगढ़ी लोक कला, विभागीय योजनाओं एवं जल संचयन एवं संरक्षण आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होग़ा।पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,विद्युत विभाग,शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग,खाद्य विभाग,स्वास्थ्य विभाग, आदिवासी विभाग,कौशल उन्नयन विभाग, जिला विधिक सेवा,कषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग,उद्योग विभाग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,जल संसाधन विभाग,वन विभाग,समाज कल्याण विभाग,खेल विभाग द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे।शिविर में अधिक से अधिक लोगों क़ी उपस्थिति हेतु शिविर आयोजन के पूर्व सभी सम्बंधित गांव में मुनादी कराने के निर्देश दिये गए हैं।

### सोलर पावर प्लांट केसडबरी में चोरी के एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 4 मई।** प्रार्थी गुलबेद खान निवासी राधा विहार कॉलोनी बलौदाबाजार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि पिछ्ले 06 माह से ग्राम केसडबरी में सोलर पावर प्लांट में निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें से दिनांक 01.05.2026 को 01 इनवर्टर का केबल एवं सोलर पैनल एवं दिनांक 02.05.2026 की रात्रि 04 इनवर्टर का केबल को किस अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त सभी इनवर्टर केबल एवं सामान की कुल कीमत लगभग ?4,50,000 है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र 364/2026 धारा 303(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्री ओमप्रकाश शर्मा के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही प्रारंभ किया गया तथा सोलर पावर प्लांट की सुरक्षा में लगे सुरक्षा गाड्र्स के सहयोग एवं सतर्कता से चोरी करने वाले आरोपी संतोष देवार (विश्वकर्मा) को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताच करने पर आरोपी द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर प्लांट में चोरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपी से चोरी का ?20,000 कीमत मूल्य का केबल वायर तथा घटना में प्रयुक्त औजार जप्त किया गया है तथा आरोपी को आज दिनांक 03.05.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के प्रक्रिया की जा रही है। मामले में एक आरोपी फरार है जिसकी सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है।

# ब्लॉक कांग्रेस राजनंदगांव ने टेडेसरा चौक में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का ढोल-नगाड़े से स्वागत किया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनंदगांव 4 मई।** ग्राम टेडेसरा चौक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी का ढोल नगाड़े व फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के गठन के बाद पहली बार ईतनी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा दिखाई दिया, ब्लॉक के पदाधिकारीगण ग्रामीण एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिसमें जिलाध्यक्ष विपिन यादव पूर्व जिलाध्यक्ष भागवत साहू जिला पंचायत सदस्य अग्रेश्वर देशमुख अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कह्लमेटी ग्रामीण राजनांदगांव रोहित चंद्राकर संयुक्त महामंत्री ललीत कुमरे महामंत्री जिला किसान कांग्रेस योगेन्द्र दास वैष्णव कोषाध्यक्ष हेमशंकर साहू कौशल अध्यक्ष मंडल सिघोला चुम्मन निषाद अध्यक्ष मंडल सिंघोला टिंकू साहू महामंत्री कुंदन चंद्राकर उपाध्यक्ष कोठारी युवा नेता लिप्त साहू अध्यक्ष मंडल सुंदर मुकेश निर्मलकर उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस साहू महामंत्री शीतल साहू महामंत्री श्री रेवा यादव पूर्व अध्यक्ष लोकेश गंगवीर पूर्व सरपंच सचिन साहू सचिव पप्पू साहू उर्वशी शेष नारायण साहू पूर्व सरपच प्रतिनिधि रामनाथ यादव कांग्रेस कार्यकर्ता गोवर्धन निषाद वरिष्ठ कांग्रेसी गौतम निषाद उपसरपंच भंवरमरा दिल्लू साहू सरपंच ढोडिया तारा साहू अध्यक्ष गणेश यादव चंद्रभूषण चंद्र भूषण साहू देवलाल साहू रमेश संतोष श्रीवास लीला दास मानिकपुरी बसंत साहू यादव विकी साहू नरेंद्र साहू नीलम यादव प्रमाण साहू लोको टंडन रेखा राम साहू नरेंद्र भारती साहू शंकर देशद्रोह दिनेश साहू दिलीप साहू बलि साहू हेमंत चौरे रूम दास देवदास राहुल देवदास देव यादव गोलू निषाद लक्ष्मण साहू रोशन साहू संतोष साहू महेंद्र लहरी गणेश साहू करण दास मानिकपुरी सतीश साहू मानसिंह साहू आशीष डोंगरे छोटू साहू सोनू धनकर सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहा।

# रेल यात्रा वृत्तांत पर अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 4 मई।** रेलकर्मियों सहित जनसाधारण के रेल यात्रा संबंधी अनुभव प्राप्त करने व हिंदी के प्रति रूची उत्पन्न करने एवं रेलवे की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय द्वारा रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना, प्रारम्भ की गई है। इस योजना के तहत कोई भी भारतीय नागरिक रेल यात्रा से संबंधित संस्मरण 'रेल यात्रा वृत्तांत' विषय पर न्यूनतम 3000 से अधिकतम 3500 शब्दों में एक निबंध टाइप कराकर दो प्रतियों में दिनांक 31 जुलाई तक सहायक निदेशक, हिन्दी (प्रशिक्षण), कमरा नम्बर 316, काफ्मो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली 110002 पर भेज सकते हैं। इसके लिए रेलवे बोर्ड द्वारा प्रथम पुरस्कार 10000 रू. के, द्वितीय पुरस्कार 8000 रू. के, तृतीय पुरस्कार 6000 रू. के एवं 5 प्रेरणा पुरस्कार प्रत्येक के लिए 4000 रु. के पुरस्कारों की व्यवस्था रखी गई है।

**प्रतियोगिता में भाग लेने वालो के लिए नियमावली:** रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना में भाग लेने वाले प्रतियोगी को चाहिए कि वे अधिक से अधिक 3000 शब्दों में यात्रा वृत्तांत कागज के एक ओर डबल स्पेस में टाइप, होना चाहिए, दो प्रतियों में होना चाहिए एवं प्रतियोगी का विवरण जैसे नाम, पदनाम, आयु, पता कार्यालय/निवास, मातृभाषा, दूरभाष/मोबाइल, ई-मेल आदि का स्पष्ट उल्लेख किया गया हो। इस रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना में भाग लेने के इच्छुक केंद्रीय अथवा राज्य सरकार की सेवा में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि, उनके विरुद्ध किसी भी प्रकार का सतर्कता/अनुशासन एवं अपील नियम से संबंधित मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है। जो आवेदक सरकारी सेवा में नहीं हैं, उन्हें इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा कि उनके खिलाफन तो किसी भी प्रकार का आपराधिक मामला चल रहा है और न ही वे किसी प्रकार की सजा भुगत रहे हैं।

**यात्रा वृत्तांत हिंदी में और मौलिक होना चाहिए:** जिन वृत्तांतों को भारत सरकार या राज्य सरकार की किसी योजना के अधीन एक बार पुरस्कार दिया जा चुका हो, उन्हें इस योजना में शामिल नहीं किया जाएगा। इसके लिए लेखक को प्रमाण पत्र देना होगा कि, उसके लेख को किसी अन्य योजना के अंतर्गत पुरस्कृत नहीं किया गया है। कोई भी भारतीय नागरिक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। यात्रा वृत्तांत भेजने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है।

### हत्या के 3 आरोपियों को आजीवन कारावास

**बलौदाबाजार 4 मई।** प्रार्थी मृतक के पिता बनवारी साहू द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 20.09.2024 को रात्रि 08.00 बजे लगभग लवन नगर में गुपचुप का ठेला लगाने वाला उसका पुत्र मृतक विजय साहू घरेलू सामान लेने के लिए रात करीब 08:00 बजे घर से निकला था, कि इसी बीच अहिल्दा मोड़ के पास आरोपी स्कूटी वाहन से वहां पर आए एवं पुरानी रंजिश को लेकर, अपने पास रखे चाकू से जान से मारने की धमकी देते हुए मृतक पर ताबड़तोड़ वारकर, प्राणघातक चोट पहुंचाए है। इलाज के दौरान मृतक विजय साहू की मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर थाना लवन में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र. 389/2024 धारा 109 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# नपं अध्यक्ष ने पेयजल आपूर्ति के समय सुबह व शाम बिजली बहाल रखने की मांग की

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**अंबागढ़ चौकी 4 मई।** पावर कट और लो वोल्टेज की समस्या ने नगर में पेयजल आपूर्ती की व्यवस्था गड़बड़ी गई है। पेयजल आपूर्ती के समय सुबह और शाम को हो रही बिजली गुल से नगरवासियों को दोनो समय पेयजल सप्लाई नही हो पा रही है। इससे नगर में पेयजल संकट खडा हो गया है। इससे नागरिकों को गर्मी में पीने के पानी एवं निस्तारी के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड रहा है।

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने आज छत्तीसगढ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के सहायक यंत्री व कनिष्क यंत्री कार्यालय पहुचकर पावर कपंनी से पेयजल आपूर्ती के समय विद्युत व्यवस्था बहाल रखने की मांग की। नगर पंचायत अध्यक्ष ने पावर कपंनी के एई व जेई कार्यालय में दोनो अधिकारियो से भेटकर उन्हे गुलाब के फूल के साथ ज्ञापन सौपते हुए गर्मी में पानी के संकट को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ती के समय विद्युत व्यवस्था प्रातः 6 से 9 और सांय 4 से 6 के समय बहाल रखने की मांग की। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बिजली अधिकारियो को बताया की पेयजल आपूर्ती के समय बिजली गुल रहने एवं लो वोल्टेज के कारण नगर में पेयजल आपूर्ती व्यवस्था पुरी तरह गडबडा गई है। हम नगरवासियो को दोनो समय निर्धारित समय तक पेयजल आपूर्ती नही कर पा रहे है। इससे नगर में पेयजल संकट खडा हो गया है और हमे नागरिको के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियो को ज्ञापन के साथ गुलाब का फूल सौपते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा की हम आज शांतिपूर्वक ढंग से आपसे निपवेदन कर रहे है। अन्यथा हमे मजबूरी में जनता को पानी पिलाने के लिए आंदोलन की डगर पकडनी पडेगी। ज्ञापन के दौरान पार्षद शंकर निषाद, पूर्व पार्षद प्रमोद ठलाल, अफशान खान, ओमेश दुबे, बाबू दुबे, महेश निषाद, वैभव परिहार, देवेन्द्र देवागन आदि उपस्थित थे।

अप्रेल के महिने से नगर में बिजली आपूर्ती व्यवस्था गडबडा गई है। अचानक हो रहे पावर कट एवं बिजली गुल का असर नगर में पेयजल आपूर्ती व्यवस्था फेल हो गई है। पेयजल आपूर्ती के समय बिजली चले जाने से नगर में पेयजल आपूर्ती व्यवस्था बाधित हो रही है। नागरिकों की शिकायत है कि सुबह और शाम के समय पेयजल आपूर्ती के समय लाईट गुल होने के बाद पानी ही नही मिलता है। नगरीय निकाय की माने तो पावर कट होने के बाद फिर लाईट आने के बाद लो वोल्टेज एवं तकनीकी कारणो से पंप काम करना देता है। जिससे पेयजल आपूर्ती बाधित होती है।

गर्मी में मार्च व अप्रैल के महिने से भूजल स्तर में भारी गिरावट आई है। वाटर लेबल डाउन होने का असर सीधे नगरीय निकाय के पेयजल आपूर्ती व्यवस्था में आ रही है। नगरीय निकाय क्षेत्र में एक एक लाख की चार एवं ढाई लाख की एक पांनी टंकी सीधे बोर के माध्यम से भरा जाता है। इसके अलावा कई वार्डो में सीधे स्पाट सोर्स योजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ती होती है। भूजल स्तर गिरने से शाम के समय पानी टंकिया भर नही पाती है। क्योकि दोपहर के समय टंकी भरने के लिए निकाय को मात्र छै घंटे मिलते है। ऐसे समय में पावर कट एवं लो वोल्टेज की समस्या से नगरीय निकाय की मुष्किले और भी बढ जाती है।

एक नजर

## कॉमेडी हॉरर फिल्म का प्रमोशन



**रायपुर, 4 मई।** एक्सीलेंस इवेंट एवन तत्वावधान में मूवी प्रमोशन का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी कॉमेडी-हॉरर फिल्म आईआईज़ेड के कलाकारों ने शिरकत की। इस मौके पर मशहूर कॉमेडियन जॉनी लीवर के सुपुत्र जेसी लीवर और अभिनेत्री रोज सदाना अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए रायपुर पहुंचे। इस फिल्म की खासियत यह है कि इसमें ज़ॉम्बी हॉरर जैसे विषय को कॉमेडी के साथ प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में डर और हंसी का अनोखा संगम देखने को मिलेगा, जो दर्शकों को एक नया अनुभव प्रदान करेगा। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने मीडिया से बातचीत करते हुए फिल्म की कहानी, अपने किरदारों और शूटिंग के रोचक अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि आईआईजे एक ऐसी फिल्म है जो दर्शकों को डराने के साथ-साथ गुदगुदाने का भी काम करेगी।

## संवैधानिक अधिकारों पर हुई चर्चा

**रायपुर, 4 मई।** हर्ष जनसेवा संस्था द्वारा बुद्ध पूर्णिमा एवं सम्राट अशोक को पुष्पांजलि अर्पित कर मजदूर दिवस पर डॉ. अम्बेडकर अनु.जाति, जनजाति, पिछड़ावर्ग अल्पसंख्यक वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के संवैधानिक अधिकारों पर परिचर्चा आयोजित हुई। मुख्य वक्ता प्रो. रतनलाल प्राध्यापक दिल्ली विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर एजाज ढेबर तथा अरुण पन्नालाल थे। वक्त के रूप में डॉ. जेआर सोनी अध्यक्ष गुरुघासीदास शोधपीठ छग शासन, प्रो. एनवी ढोके नागपुर विवि, धम्मपाल देशभतार बौद्ध संस्कृति लेखक, विष्णुदत्त बघेल अध्यक्ष छग पिछड़ा समाज तथा डॉ. टीआर रामटेके पीएचडी प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातन सम्मिलित हुए थे। परिचर्चा का संचालन अरविंद मिश्र भारतीय संस्कृति निधि संयोजक छत्तीसगढ़ कर रहे थे।

## सुशासन तिहार की सफलता से कांग्रेस व्यथित : देवलाल ठाकुर

**रायपुर, 4 मई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा आयोजित 'सुशासन तिहार' को मिल रहे अपार जन-समर्थन के मद्देनजर कहा है कि प्रदेश के कोने-कोने में जनता जिस उत्साह के साथ इस उत्सव से जुड़ रही है, उससे कांग्रेस खेमे में भारी खलबली मच गई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर ने कहा कि सुशासन तिहार केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि पिछले ढाई साल के पारदर्शी और जवाबदेह शासन का रिपोर्ट कार्ड है। महतारी वंदन योजना, किसानों को धान का बकाया बोनस और 'रामलला दर्शन' जैसी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन ने कांग्रेस के झूठ के पुलिंदे को ढहा दिया है। ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता अब कुंठा में अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। पाँच साल तक छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार का गढ़ बनाने वाले आज सुशासन शब्द से ही घबरा रहे हैं और कांग्रेस को अपना अस्तित्व खतरे में नजर आने लगा है। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के शासन में 'कुशासन और कमीशनखोरी' का बोलबाला था, जबकि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में आज अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के पहुँच रहा है।

### निधन

## दीनदयाल गुप्ता

**रायपुर, 4 मई।** होजरी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी, डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेडके संस्थापक और चेयरमैन एमेरिटस, विख्यात उद्योगपति दीनदयाल गुप्ता का आज कोलकाता में उम्र संबंधी बीमारियों के कारण स्वर्गवास हो गया। उनका निधन कंपनी के साथ-साथ भारतीय होजरी और परिधान उद्योग के एक युग के अंत का प्रतीक है। एक दूरदर्शी नेता और कंपनी की उल्लेखनीय यात्रा के मार्गदर्शक रहे दीनदयाल गुप्ता ने पांच दशकों से अधिक समय तक अटूट प्रतिबद्धता, दूरदर्शिता और अखंडता के साथ डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड का नेतृत्व किया। उनके नेतृत्व में, कंपनी एक मामूली शुरुआत से विकसित होकर होजरी और परिधान क्षेत्र में भारत के अग्रणी निर्माताओं में से एक बन गई।

# पानी के लिए हाहाकार, कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**रायपुर, 4 मई।** राधानी रायपुर में पानी की गंभीर समस्या को लेकर कांग्रेस नेताओं और स्थानीय लोगों ने नगर निगम जोन-8 कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। ये आंदोलन गुढ़ियारी, अशोक नगर और बजरंग चौक के क्षेत्रों में लंबे समय से चल रही जल संकट की समस्या को लेकर किया गया।

रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 19, दुर्गा चौक, बजरंग चौक, बड़ा अशोक नगर और आसपास की बस्तियों में पिछले कई दिनों से पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। हालात इतने खराब हैं कि लोगों को पीने का पानी तक एक किलोमीटर दूर से लाना पड़ रहा है। अधिकांश बोरिंग खराब हो चुके हैं। पानी टैंकर की व्यवस्था भी पर्याप्त नहीं है, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है।



**टैक्स वसूल रहा पर पानी नहीं दे पा रहा निगम :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल ने कहा कि पानी जैसी मूलभूत सुविधा के अभाव में लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम प्रशासन इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहा है और केवल कागजी कार्रवाई या फोटो के जरिए स्थिति को सामान्य दिखाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जनता से पानी के लिए टैक्स तो वसूला जा रहा है, लेकिन बदले में उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा।

### रोजगार पर पड़ रहा पानी की कमी का सीधा असर

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कहा कि पानी की कमी का सीधा असर लोगों के रोजगार पर पड़ रहा है। लोगों को दिनभर पानी का इंतजार करना पड़ता है, जिससे वे काम पर नहीं जा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टैंकर से पानी की सप्लाई भी न के बराबर है और जो पानी दिया जा रहा है, उसकी मात्रा भी पर्याप्त नहीं होती।

### समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक जारी रहेगा आंदोलन

स्थानीय लोगों ने भी अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि वे पिछले एक महीने से लगातार पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। टैंकर समय पर नहीं आते और अगर आते भी हैं तो सभी तक पानी नहीं पहुंच पाता। ऐसे में रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं और कामकाजी लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# ओपी चौधरी के बंगले के बाहर झालमुड़ी पार्टी

## बंगाल-असम में भाजपा की जीत का जश्न



**रायपुर, 4 मई।** पश्चिम बंगाल, और असम में भाजपा बड़ी जीत की ओर अग्रसर है। जैसे-जैसे बढ़त सामने आई है, भाजपा कार्यकर्ता जश्न मनाते दिख रहे हैं। इस कड़ी में शंकर नगर में वित्तमंत्री ओपी चौधरी के बंगले के बाहर मुफ्त में झालमुड़ी खिलाया जा रहा है। झालमुड़ी खाने के लिए बंगले के बाहर भीड़ देखने को मिली। कई और जगहों पर झालमुड़ी पार्टी चल रही है। ओपी चौधरी असम में आधा दर्जन सीटों के प्रभारी थे। उनके प्रभार वाले सीटों पर पार्टी को बढ़त मिली है। इससे ओपी चौधरी के समर्थकों में खुशी का माहौल है।

# सरकार का विकास सड़क से ही दिखता है : साय

## बारिश के पहले कोई भी रोड ऐसी न हो जिससे लोगों को दिक्कत हो

**रायपुर, 4 मई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन तिहार में बलरामपुर प्रवास के दौरान आयोजित समीक्षा बैठक में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर सख्त संदेश दिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने योजनाओं की प्रगति के साथ-साथ अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की। बैठक के दौरान उस समय स्थिति गंभीर हो गई, जब लोक निर्माण विभाग का एक अधिकारी सड़क मरम्मत की सही जानकारी प्रस्तुत नहीं कर पाया। इस पर मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा, मीटिंग से बाहर जाइए, अपने सचिव से बात करिए और सही जानकारी लेकर आइए। इसके बाद बैठक कक्ष में सन्नाटा छा गया और यह स्पष्ट हो गया कि अब कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हम सभी जनता के सेवक हैं और अपने-अपने कार्यालयों को सेवा तीर्थ की तरह देखें, जहां आम जनता की सेवा ही सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सरकार का विकास सबसे पहले सड़कों पर दिखाई देता है, इसलिए मानसून आने से पहले एक भी सड़क खराब नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि सभी सड़कों की मरम्मत समय-सीमा में पूर्ण की जाए और विशेष रूप से आबादी क्षेत्रों की सड़कों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री साय ने घोषणा की कि राज्य के सभी राजस्व अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जाएगा, जिससे नागरिकों को खसरा-नक्शा डिजिटल हस्ताक्षर के साथ घर बैठे उपलब्ध हो सकेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सेवा भी शीघ्र प्रारंभ की जाएगी, जिसमें टोल फ्री नंबर के माध्यम से आमजन अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे।

मुख्यमंत्री साय ने कलेक्टरों को निर्देशित किया कि राजस्व मामलों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## राज्य में रोजगार के अवसर घटे बेरोजगारी बढ़ी : शुक्ला

**रायपुर, 4 मई।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार ढाई साल में एक भी युवा को रोजगार नहीं दे पायी है, बल्कि युवाओं से रोजगार छीनने का ही काम किया है। कांग्रेस सरकार में बेरोजगारी दर मात्र 0.60 प्रतिशत था। भाजपा सरकार बनने के बाद बेरोजगारों की संख्या में भारी वृद्धि हुआ है। आज बेरोजगारी दर 4.5 प्रतिशत है। ढाई साल में बीएड शिक्षक, अतिथि शिक्षक, विद्या मितान, क्रेडा के संविदा कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी, विद्युत विभाग के कर्मचारी, वन विभाग के संविदा कर्मचारियों, गोठान महिला स्व सहायता समूह, रीपा के तहत रोजगार प्राप्त कर रहे लोगों को काम से बेदखल किया गया, ई-श्रेणी के लाइसेंस में काम कर रहे युवाओं से भी काम छिन गया है, पूरे प्रदेश में विकास कार्य ठप है कोई नई भर्ती पूरी नहीं हुई है पूर्व से चल रही भर्ती में भी नियुक्तियां नहीं दी जा रही है। ऐसे में साय सरकार का रोजगार देने का दावा सरासर जुमला और मनगढ़ंत आंकड़े हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ढाई साल में कितने युवाओं को सरकारी नौकरी में भर्ती का अवसर दिया गया है कितने मजदूरों को काम दिया गया है रोजगार देने के लिए क्या नई योजना लायी गयी है? भाजपा की सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ में यूपी की तरह युवा रोजगार के लिए सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं सिर का मुंडन करवा रहे हैं बीएड, डीएड शिक्षक आंदोलन कर रहे।





## मोदीराज में महंगाई बेतहाशा बढ़ी : कांग्रेस

**रायपुर, 4 मई।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, महंगाई से देश के नागरिकों की कमर टूटती जा रही है। 2014 में जो गैस का सिलेंडर 410 रु. का था, आज वह 980 रु. के पार है वह भी मिल नहीं रहा। पेट्रोल के दाम 70 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 102 रु. प्रति लीटर के पार हो गए हैं जबकि डीजल के दाम 55 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 100 रु. प्रति लीटर के करीब पहुंच गए हैं।



5 राज्यो के चुनाव खत्म होते ही मोदी सरकार का असल रूप सामने आ गया है। मोदी सरकार ने महंगाई से जूझ रही जनता एवं मंदी की मार झेल रहीं व्यवसायिक संस्थानो, उद्योगों पर कुठाराघात किया है।घरेलू कामर्शियल सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी कर दिया।एक मुश्त 993 रु की बढोत्तरी एवं प्रवासी श्रमिको एवं गरीब जनता द्वारा उपयोग किये जाने वाले 5 किलो वाली गैस सिलेंडर के दाम में 261 रु की वृद्धि कर दी है।बीते पांच माह में कामर्शियल सिलेंडर के दाम में 1510 रु की वृद्धि हुई है जनवरी में 111रु फरवरी में 50रु मार्च में दो बार मिलाकर 146 रु अप्रैल मे 218 रु एवं मई में 993 रु की वृद्धि हुई है अब घरेलू गैस एवं पेट्रोल डीजल के दाम में भी वृद्धि की संभावना है।इसका सीधा असर आम जनता, उद्योग, होटल रेस्टोरेंट ढाबा एवं कामर्शियल गैस उपयोग करने वाले संस्रथानों पर पड़ेगा।

बैज ने कहा कि मोदी सरकार देश को असमानता और कर्ज की आग में झोंका, दिया सिर्फ धन्ना सेठों को मौका। हाल ही में आई 'ऑक्सफैम' की रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के 5 प्रतिशत अमीर लोगों के पास देश की 60 प्रतिशत से ज्यादा संपत्ति है और नीचे के 50 प्रतिशत लोगों के पास देश की मात्र 3 प्रतिशत संपत्ति। विडंबना यह है कि नीचे के इन 50 प्रतिशत लोगों की जीएसटी में हिस्सेदारी 64 प्रतिशत है और ऊपर के 10 प्रतिशत लोगों की जीएसटी में हिस्सेदारी केवल 3 प्रतिशत है जबकि उनके पास देश की 70-80 प्रतिशत संपत्ति है। 'ऑक्सफेम' की रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना महामारी की विभीषिका में भी देश के 100 बड़े पूंजीपतियों ने 13 लाख करोड़ रुपए कमाए पर 12 करोड़ मेहनतकश लोगों ने अपना रोजगार खो दिया।

# छात्रों ने किया शाला का नाम रौशन

**रायपुर, 4 अप्रैल।** महावीर अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक शाला गुढ़ियारी में कक्षा पांचवी के छात्र प्रवेश प्रसाद साहू ने 95.50 प्रतिशत अंक हासिल कर मेरिट लिस्ट में स्थान बनाया है। इसी तरह महावीर हिन्दी माध्यम प्राथमिक शाला के छात्र रीतेश कुमार सेन ने पांचवी बोर्ड परीक्षा में 94.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में जगह बनाई है। दोनों छात्रों ने शाला एवं परिवार का नाम रौशन किया है। प्राचार्या पल्लवी दुबे, प्राचार्य तपन कुमार चौधरी, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय सिंह जाडेजा, उपाध्यक्ष सत्यनारायण काबरा, सचिव अरुण कुमार राठी सहित सभी शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है। **इसी प्रकार** कल्याण पब्लिक स्कूल में 97 प्रतिशत अंक लेकर हेतल ध्रुव ने अपने क्लास में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।



## दो आरोपी चाकू के साथ गिरफ्तार

**रायपुर, 4 मई।** पुलिस कमिश्नरेट द्वारा शहर में अभियान के दौरान मध्य जोन के विभिन्न प्रमुख एवं संवेदनशील स्थानों पर रणनीतिक रूप से नाकेबंदी प्वाइंट्स स्थापित कर क्षेत्र की प्रभावी सीलबंदी की गई। विशेष रूप से कालीबाड़ी चौक, जयस्तंभ चौक, फाफाडीह चौक, अग्रसेन धाम टर्निंग तथा फुंडहर चौक (एक्सप्रेस-वे) पर सघन नाकेबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की बारीकी से जांच की गई। इसके साथ ही पेट्रोलिंग टीमों के अतिरिक्त एक विशेष टीम को अड्डेबाजी करने वाले तत्वों एवं सक्रिय बदमाशों की चेकिंग हेतु रवाना किया गया, जिससे भागने का प्रयास कर रहे अपराधियों पर भी त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उक्त अभियान के दौरान थाना मौदहापारा क्षेत्र में दुर्गा कॉलेज के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस टीम द्वारा तत्परता से घेराबंदी कर पकड़ा गया।

# ग्राम विकास पर सर्व आदिवासी समाज की मंत्री नेताम से चर्चा

**रायपुर, 4 मई।** सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार एवं ग्राम पंचायत टेमरी(पलारी) के प्रतिनिधिमंडल ने नवा रायपुर पहुंचकर रामविचार नेताम जी कृषि एवं आदिमजाति कल्याण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन से सौजन्य भेंट कर मुलाकात की एवं आदिवासी समाज के उत्थान, ग्राम विकास, स्थानीय समस्याओं एवं विभिन्न समाजिक मुद्दों, जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई, इस अवसर पर सुभाष परते युवा प्रभाग प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़, कमलेश ध्रुव सर्व आदिवासी समाज प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़, भानु ध्रुव जिला उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज बलौदाबाजार, समाजसेवी दया राम ध्रुव, कृष्णा ध्रुव, ग्राम पंचायत टेमरी के सरपंच तानसेन चतुर्वेदी उपसरपंच नेहरू ध्रुव, राजेश नवरंगे, तोष राम साहू सचिव, नीलकमल साहू, शैलेंद्र घृतलहरे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



**जीत की खुशी** / 5 राज्यों के चुनाव नतीजों पर भाजपा नेताओं ने दी अपनी प्रतिक्रिया

# टीएमसी को जनता ने कर दिया टाटा-बाय-बाय : साव

**रायपुर, 4 मई।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज पश्चिम बंगाल में और असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनने के रुझान पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि, स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि पश्चिम बंगाल की जनता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। पश्चिम बंगाल में स्पष्ट रूप से कमल खिल रहा है। हमारे नेताओं ने कहा था कि टीएमसी को टाटा बाय बाय करेगी, पश्चिम बंगाल की जनता ने खेला कर दिया है। टीएमसी को टाटा बाय बाय कर दिया है।



उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि, पश्चिम बंगाल की जनता के साथ जिन्होंने अत्याचार, अनाचार किया, माताएं और बहनों का अपमान किया, उसको सबक सिखाया है। पश्चिम बंगाल की जनता ने सनातन को अपमानित करने वालों को सबक सिखाया है और आज पांच राज्य की जनता बीजेपी, नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व के साथ खड़ी है। यह अब तक के रुझानों से स्पष्ट होता है।

श्री साव ने कहा कि, असम में इतिहास बना है। लगातार तीसरी बार कांग्रेस के सारे हथकंडे के बावजूद हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा जी को व्यक्तिगत रूप से बदनाम करने का षड्यंत्र किया। उन सारे षड्यंत्रों को असम की जनता ने धता बताया और इतिहास बनाते हुए लगातार तीसरी बार असम में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार बनने जा रही है। वहीं पुडुचेरी में भी एनडीए की सरकार बनने जा रही है।

### जहां भूपेश के कदम पड़ते हैं, वहां कांग्रेस का बंटाधार : मंत्री चौधरी

पांच राज्यों के चुनाव परिणाम को लेकर वित्त मंत्री चौधरी ने कांग्रेस को डूबती नाव बताया और दावा किया कि कांग्रेस कमजोर हो चुकी है. पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के असम विधानसभा चुनाव में जीत के दावे को लेकर मंत्री ओपी चौधरी ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल के जहां-जहां पैर पड़ते है, वहां कांग्रेस पार्टी का बंटाधार हो जाता है. वह (पूर्व सीएम भूपेश) असम में पिछले बार भी चुनाव प्रचार में गए थे. उन्होंने एक किस्सा याद दिलाते हुए कहा कि याद होगा पिछले बार विधानसभा चुनाव के दौरान बीजापुर-सुकमा क्षेत्र में नक्सली हमला हो रहा था, हमारे जवान की शहादत हो रही थी और वह असम की गुवाहाटी में रोड शो कर रहे थे, ऐसी इनकी सोच है. पिछले बार अपने पार्टी का किस तरीके से बंटाधार करके आए थे और इस बार किस तरीके से बंटाधार किए है, यह आंकड़ों में स्पष्ट देख सकते हैं.



### बोले पवन साय-जनमन की जीत

बीजेपी के छत्तीसगढ़ संगठन मंत्री पवन साय ने कहा यह कार्यकर्ताओं की जीत है, यह जन-मन की जीत है।सत्ता विरोधी लहर के साथ साथ तुष्टिकरण और तंत्र पर हावी टीएमसी का कैडर जिस तरह से भ्रष्टाचार कर रहा था, जो आंतक था यह वोट यह जनादेश उसके खिलाफ आया है।

### विजय बोले: कार्यकर्ताओं की मेहनत व जनता का निर्णय

पश्चिम बंगाल की जीत पर दुर्गापुर से गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा -यह जनता का निर्णय है और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत परिश्रम का परिणाम है।

### बोले अनुराग - तुष्टिकरण की करारी हार

अनुराग ने कहा-यह जनमत तुष्टिकरण के खिलाफहै। यह उस राष्ट्रवाद को समर्थन है जहां विकास के साथ हर नागरिक समान है।

### सौरभ बोले: वरिष्ठों का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं का समर्पण

नतीजों के आने का क्रम जारी है और सौरभ सिंह कलकत्ता में मौजूद हैं। सौरभ सिंह का मुख्यालय कलकत्ता रखा गया था और वे कलकत्ता समेत 52 से अधिक सीटों पर सक्रिय थे। सौरभ सिंह ने कहा -बीजेपी जिस दिन चुनाव के नतीजे आते हैं,ठीक उस दिन से अगले चुनाव की तैयारी में लग जाती है।

## भाजपा कार्यालय में जश्न



पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी समेत पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों की मतगणना जारी है। शुरुआती रुझानों में भारतीय जनता पार्टी असम और पश्चिम बंगाल में मजबूत बढ़त बनाए हुए है। वहीं पुडुचेरी में भी एनडीए की वापसी के संकेत मिल रहे हैं। चुनावी रुझानों में भाजपा की बढ़त के बीच राजधानी रायपुर स्थित जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है। बता दें कि जैसे-जैसे चुनावी रुझानों में भाजपा के पक्ष में बढ़त की खबरें सामने आईं, वैसे-वैसे एकात्म परिसर में कार्यकर्ताओं की भीड़ बढ़ती गई और जश्न का माहौल बन गया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ता नारेबाजी कर रहे हैं और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशी जाहिर कर रहे हैं। परिसर में लगातार आतिशबाजी भी की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव भी जल्द ही एकात्म परिसर पहुंचने वाले हैं। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में और अधिक उत्साह देखा जा रहा है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26